चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 76, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 14 अप्रैल 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

माफिया को मिट्टी में मिला दिया....



माफिया अतीक का बेटा असद और साथी गुलाम को एसटीएफ ने मुठभेड़ में किया ढेर, प्रयागराज में उमेश पाल और दो सुरक्षा कर्मियों की हत्या के बाद से दोनों चल रहे थे फरार

असद के 'काले' कारनामे

- स्कूल में की थी शिक्षकों की पिटाई, छात्रों के साथ करता था गुंडागर्दी
- चाचा अशरफ से लेता था ट्रेनिंग, कई वीडियो भी आ चुके हैं सामने
- बड़े भाइयों के जेल जाने के बाद चला रहा था अतीक की गैंग

झांसीः उत्तर प्रदेश की स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) ने प्रयागराज जनपद में उमेश पाल और दो सुरक्षा कर्मियों की हत्या में फरार मुख्य आरोपी माफिया अतीक अहमद के बेटे असद को ढेर कर दिया। झांसी जिले में गुरुवार को हुई मुठभेड़ के दौरान असद के साथ अतीक गिरोह का सदस्य गुलाम भी मारा गया है। दोनों पर पांच-पांच लाख का इनाम घोषित था। एसटीएफ को यह सफलता उस वक्त हाथ लगी जब दोनों दिल्ली से भागकर मध्यप्रदेश के रास्ते उप्र की सीमा में दाखिल हुए थे। इस मुठभेड़ में 40 राउंड फायरिंग होने की बात एसटीएफ द्वारा बताई जा रही है। एसटीएफ से मिली जानकारी के मुताबिक माफिया अतीक अहमद का बेटा और पांच लाख का इनामी असद अहमद साथी गुलाम के साथ गुरुवार को झांसी पहुंचा। यहां पर उसकी एसटीएफ की टीम से मुठभेड़ हो गई। बदमाशों ने टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में दोनों को मार गिराया गया। उनके पास से पिस्टल, रिवॉल्वर और विदेशी हथियार बरामद हुए हैं। यह मुठभेड़ उस वक्त हुई जब दोनों झांसी के पारीछा बांध स्थित बड़ागांव इलाके में एसटीएफ की 12 सदस्यीय दल से घिर गए थे। मुठभेड़ करने वाली टीम में उपाधीक्षक नवेंदु कुमार और उपाधीक्षक विमल शामिल थे। मुठभेड़ में असद और गुलाम को ढेर किए जाने की पुष्टि एसटीएफ के अपर पुलिस महानिदेशक अमिताभ यश ने की है।

मुठभेड़ की और अधिक जानकारी देते हुए एसटीएफ के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) अनंत देव तिवारी ने बताया कि असद और गुलाम को हमारी टीम ने दिल्ली से पीछा किया। दोनों एमपी के रास्ते से उत्तर प्रदेश के झांसी जनपद में दाखिल हुए थे। यहां पर दोनों को जब हमारी टीम ने घेरा तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। टीम ने जवाबी कार्रवाई में दोनों को मार गिराया है। उल्लेखनीय है कि माफिया अतीक अहमद का बेटा और पांच लाख का इनामी असद उसका साथी गुलाम गुरुवार को झांसी में एसटीएफ की मुठभेड़ में ढेर हो गए। मुठभेड़ में मारे गए दोनों इनामी ने बीती 24 फरवरी को उमेश पाल और उनके दो सरकारी गनर की प्रयागराज में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी और तब से दोनों फरार चल रहे थे। वारदात के बाद असद सहित पांच अभियुक्तों पर पांच-पांच लाख का इनाम घोषित किया गया था। बताया जा रहा है कि दोनों 15 दिन तक दिल्ली में पनाह लेने के बाद भाग निकले थे, मगर दिल्ली में पकड़े गए असलहा तस्कर और चालक से मिले सुराग के आधार पर उपाधीक्षक नवेंदु कुमार और उपाधीक्षक विमल की टीम ने पूछताछ के बाद दोनों का पीछा किया और मुठभेड़ में मार गिराया।

उमेश हत्याकांड में अब तक चार ढेरः प्रयागराज में 24 फरवरी को हुए उमेश पाल हत्याकांड में यूपी पुलिस अब तक चार फरार आरोपितों को मुठभेड़ में ढेर कर चुकी है। पहला एनकाउंटर प्रयागराज में ही 27 फरवरी को अरबाज का हुआ था। अरबाज उस क्रेटा कार को चला रहा था, जिससे हमलावर उमेश पाल के घर तक पहुंचे थे। इसमें असद भी था।

वहीं, दूसरा एनकाउंटर छह मार्च को हुआ था।

उमेश की मां और पत्नी ने मुख्यमंत्री पर जताया भरोसा

उमेश की मां और पत्नी ने मुख्यमंत्री पर जताया भरोसा

उमेश पाल की पत्नी जया पाल और मां शांति पाल ने कहा कि योगी राज में देर है अंधेर नहीं है। सरकार जो कर रही है अच्छा कर रही है। दोनों ने ही मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया और कहा कि उन्होंने जो किया वह अच्छा किया है। हमने सब मुख्यमंत्री योगी पर छोड़ दिया है।

विपक्षी दलों के नेताओं ने साधा निशाना

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने झांसी में माफिया अतीक अहमद के बेटे असद और शूटर गुलाम के एनकाउंटर को झूठा और फर्जी बताते हुए प्रदेश की पुलिस पर सवाल उठाए हैं। अखिलेश यादव ने ट्वीट कर दोहरे एनकाउंटर को झूठा बताया है। उन्होंने अपने ट्वीट पर लिखा है कि "झूठे एनकाउंटर कर भाजपा सरकार सच्चे मुद्दों से ध्यान भटकाना चाह रही है। भाजपाई न्यायालय में विश्वास ही नहीं करते हैं। आज के व हालिया एनकाउंटरों की भी गहन जांच-पड़ताल हो व दोषियों को छोड़ा न जाए।

अतीक-अशरफ को छुड़ाने के लिए पुलिस के काफिले पर हमला करना चाहता था असदः एडीजी

प्रयागराजः यूपी में माफिया अतीक अहमद के पुत्र असद अहमद और शूटर गुलाम के एनकाउंटर के बाद यूपी पुलिस के एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस की और पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि अतीक अहमद और अशरफ को छुड़ाने से पुलिस के काफिले पर हमले की योजना बनाई जा रही थी। जिसके आधार पर पुलिस व स्पेशल फोर्स की तैनाती की गई थी। हमारी तैयारी इतनी अच्छी थी कि वो पुलिस के काफिले पर हमला नहीं कर सके और पुलिस ने उन्हें मार गिराया। एडीजी के अनुसार, 24 फरवरी को प्रमुख गवाह उमेश पाल की हत्या के बाद से ही उनकी तलाश की जा रही थी। दोनों पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। इस मौके पर उन्होंने यूपीएसटीएफ की प्रशंसा की और बधाई दी। उन्होंने कहा कि अब तक पुलिस ने 183 बदमाशों को मार गिराया गया है।

सत्तादल ने एसटीएफ को दी बधाई

लखनऊः उमेश पाल और दो पुलिस कर्मियों के जघन्य हत्याकांड में उत्तर प्रदेश की स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) ने मुख्य आरोपी और पांच-पांच लाख के इनामी असद और गुलाम को ढेर कर दिया है। दोनों के मारे जाने पर गुरुवार को राजनीतिक दलों की ओर से प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। सत्तापक्ष के नेताओं ने जहां एसटीएफ को कार्रवाई पर बधाई दी है तो वहीं विपक्षी दल इसे गलत ठहरा रहे हैं। जबकि उमेश पाल की पत्नी और मां ने एनकाउंटर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुलिस पर न्याय का भरोसा जताया है। भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) उत्तर प्रदेश के आधिकारिक ट्विटर से पोस्ट में कहा गया कि प्रदेश में गुंडा और माफिया का राज नहीं चलेगा। कहा था मिट्टी में मिला देंगे। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने झांसी में हुए एनकाउंटर को लेकर अपने आधिकारिक ट्विटर से ट्वीट कर कहा कि यूपी एसटीएफ को बधाई देता हूं, उमेश पाल एडवोकेट और पुलिस के जवानों के हत्यारों का यही हश्र होना था! उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने ट्विटर लिखा कि 'मिट्टी में मिल गया हत्यारा! स्व० उमेश पाल एडवोकेट के हत्यारों को यूपी एसटीएफ ने किया जमींदोज। एसटीएफ के जवानों को बहुत बहुत बधाई।' इसी तरह उप्र सरकार में मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने माफिया अतीक के बेटे के एनकाउंटर को जीरो टालरेंस की नीति को लेकर सही बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा था कि माफियाओं को मिट्टी में मिला देंगे और अपराधियों पर कार्रवाई होगी। एसटीएफ द्वारा झांसी में की गई कार्रवाई उसी को बयां करती है।

माफिया अतीक और अशरफ सात दिनों की पुलिस रिमांड पर

प्रयागराजः उमेश पाल हत्याकांड में माफिया अतीक अहमद और अशरफ की गुरुवार को प्रयागराज की एक अदालत में पेशी हुई। पुलिस ने पूछताछ के लिए 14 दिन की रिमांड मांगी, लेकिन अदालत ने सात दिन की रिमांड मंजूर की। प्रयागराज के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने अतीक और अशरफ को सात दिनों की रिमांड पर पुलिस को सौंप दी। अदालत परिसर में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे।

सुनवाई के दौरान अतीक और अशरफ के वकीलों ने रिमांड का विरोध किया। उन्होंने कहा कि अतीक की तबीयत ठीक नहीं चल रही है, इसलिए रिमांड मंजूर न की जाए। करीब डेढ़ घंटे तक कोर्ट में दोनों पक्षों की दलीलें जारी रहीं। इससे पहल दोनों भाइयों को कोर्ट रूम ले जाते समय भीड़ बेकाबू हो गई, जिसे काबू में करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

जम्मू-कश्मीरः सुरक्षा को लेकर शाह ने की बैठक

नई दिल्लीः केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा को लेकर दिल्ली में एक बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, गृह सचिव अजय भल्ला, डीजीपी जम्मू-कश्मीर दिलबाग सिंह सहित केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सूत्रों का कहना है कि इस बैठक के दौरान जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों ने राज्य की कानून व्यवस्था से शाह को अवगत कराया । बैठक के दौरान सीमा पार से होने वाले घुसपैठ सहित जम्मू-कश्मीर में अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे हमलों को लेकर भी चर्चा हुई।

अब लू के थपेड़े झेलने के लिए रहें तैयार

नई दिल्लीः देश के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज अब बदलने वाला है। आने वाले दिनों में लोग लू के थपेड़े झेलने के लिए तैयार रहें। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान गंगीय पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और बिहार में लू चल सकती है। वहीं, इस अवधि के दौरान मध्य, पूर्व और उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में सामान्य से अधिक लू चलने की संभावना है।मौसम विभाग की मानें तो गंगीय पश्चिम बंगाल में 17 अप्रैल, उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश और ओडिशा में।

पीएम ने 71,000 कर्मियों को नई भर्तियों के नियुक्ति पत्र बांटे

नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 71,000 कर्मियों को नई भर्तियों के नियुक्ति पत्र बांटे। पीएम ने वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए इस दौरान कर्मियों को संबोधित भी किया। पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत की संकल्प से सिद्धि के लिए हमारी सरकार युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा को सही अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

उभरता सितारा बन रहा भारतः पीएम मोदी ने आगे कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेज रफ्तार से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। पीएम ने कहा कि पूरी दुनिया कोविड के बाद मंदी से जूझ रही है, ज्यादातर देशों की अर्थव्यवस्था लगातार गिरती जा रही है, इसके बावजूद दुनिया भारत को एक उभरते सितारे के रूप में देख रही है।

भारत में बनेंगे हथियारः पीएम मोदी ने इसी के साथ एलान किया कि भारत में सेना को भी आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।

पीएम ने कहा कि हमारी सरकार ने सेना के साथ 300 से ज्यादा ऐसे साजो-सामान और हथियारों की लिस्ट तैयार की है, जो अब भारत में ही बनाये जाएंगे और भारत की इंडस्ट्री से ही खरीदे जाएंगे। पीएम ने कहा कि पहले की सरकारें देश के निमार्ताओं पर भरोसा नहीं करती थीं।

टॉय इंडस्ट्री का हुआ कायाकल्पः

म्यांमार में सेना के हमले में हुई मौतों को भारत ने बताया 'परेशान करने वाला'

नई दिल्लीः विदेश मंत्रालय ने म्यांमार में 11 अप्रैल को सैन्य शासन के विरोध में आयोजित कार्यक्रम में सेना के हमले में हुई मौतों की खबरों को परेशान करने वाला बताया है। भारत ने सभी पक्षों से शांतिपूर्ण समाधान खोजने का आह्वान किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि म्यांमार के सागैंग क्षेत्र में कमबालू टाउनशिप के पास हिंसा की परेशान कर देने वाली खबरें देखी हैं। एक पड़ोसी और म्यांमार के लोगों के मित्र के रूप में भारत बार-बार सभी पक्षों से हिंसा रोकने और सभी मुद्दों का शांतिपूर्ण समाधान खोजने का आह्वान करता है। भारत म्यांमार में शांति, स्थिरता और लोकतंत्र की वापसी के अपने आह्वान को दोहराता है।

उल्लेखनीय है कि म्यांमार की सेना ने मंगलवार को सैन्य शासन के विरुद्ध एक कार्यक्रम में इकट्ठा आम नागरिकों की भीड़ पर हवाई हमले किए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस हमले में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं।

केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक पर हमले की नहीं होगी सीबीआई जांच

नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री निशीथ प्रमाणिक के काफिले पर 25 फरवरी को कूचबिहार में हमले के मामले में पश्चिम बंगाल सरकार को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने मामले की सीबीआई जांच के कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले को फिर से सुनवाई के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट भेज दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से दिए गए पूरे तथ्यों पर गौर नहीं किया। हाई कोर्ट एक बार फिर से नए सिरे से याचिका पर विचार करे। हाई कोर्ट के आदेश को पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि एक राजनीतिक नेता की याचिका पर जांच सीबीआई को सौंप दी गई। याचिका 27 फरवरी को दायर की गई और 28 फरवरी को आदेश दे दिया गया। सिंघवी ने कहा कि मंत्री के कार का रूट असाधारण था। वे जिस स्थान से गुजरे, वे वहां फिर से वापस आ गए। इस मामले में 48 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। चीफ जस्टिस ने कहा कि हाई कोर्ट ने स्टेटस रिपोर्ट पर गौर करते हुए कहा कि पुलिस को जांच कैसे दी जा सकती है।

गृह मंत्री शाह के साथ चर्चा के बाद पूर्व सीएम मांझी का बयान

एनडीए में शामिल होने का कोई सवाल ही नहीं: मांझी

नई दिल्लीः बिहार की राजनीति में उठापटक के बीच एक नया मोड़ आ गया है। गुरुवार को बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। दिल्ली में गृह मंत्री शाह के साथ हुई बैठक में जीतन राम मांझी के साथ एचवीएम के अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे। बैठक के बाद मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार में पीएम बनने की सभी विशेषताएं हैं।

कई मुद्दों पर की चर्चाः गृह मंत्री से मिलने के कुछ देर पहले पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने कहा था कि कई सारे मुद्दे हैं, जिस बारे में हम चर्चा करेंगे। हालांकि, गृह मंत्री के साथ बैठक के बाद जीतन राम मांझी ने कहा कि एनडीए में शामिल होने का तो सवाल ही नहीं है। मैं नीतीश कुमार के साथ ही रहूंगा। नीतीश कुमार में वह सभी विशेषता है, जो एक प्रधानमंत्री में होना चाहिए। वह विपक्ष को एकजुट करने की ईमानदार कोशिश कर रहे हैं।

एक दिन पहले नीतीश-तेजस्वी कांग्रेस आलाकमान से मिलाः जीतन राम मांझी की बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है कि क्योंकि एक दिन पहले बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे से मिलने उनके दिल्ली स्थित निवास पहुंचे थे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस दौरान खरगे के साथ ही मौजूद रहे। सभी नेता विपक्षी एकता के मुद्दे को लेकर आपस में बैठक कर रहे थे। तेजस्वी के अलावा सभी नेताओं ने अपना-अपना पक्ष रखा।

ये नया भारत है, जो चुनौतियों का मुकाबला कर सकता है': जयशंकर

कंपालाः विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि जो ताकतें दशकों से भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद में लिप्त हैं, वे अब जानती हैं कि यह एक "अलग भारत" है, जो अब उन्हें हर चीज का जवाब देगा। युगांडा में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने यह बात कही।

'यह नया भारत है': युगांडा में बुधवार को भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए जयशंकर ने देश को नए भारत में बदलने की बात कही।

भारत की सीमाओं पर सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बोलते हुए, जयशंकर ने कहा, "आज, लोग एक अलग भारत देखते हैं, जो लड़ने को तैयार है और भारत जो हर तरह से राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों का सामना करेगा, चाहे वह उरी हो या बालाकोट हो।"

'सभी नए भारत को पहचान चुके हैं': एस जयशंकर ने 2016 में पाकिस्तान से जैश-ए-मोहम्मद के उग्रवादियों द्वारा भारतीय सेना के ब्रिगेड मुख्यालय पर किए गए उरी हमले और पाकिस्तान के बालाकोट में भारतीय युद्धक विमानों द्वारा आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर पर किए गए 2019 के बालाकोट हवाई हमले का जिक्र किया। उन्होंने कहा, "आज जो ताकतें दशकों तक भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद में लिप्त रहीं और जिसे भारत ने सहन किया, वे अब जानते हैं कि यह एक अलग भारत है और यह भारत उनके हर हरकत का बराबर जवाब देगा।"

खबर संक्षेप

संगीतमय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ 16 अप्रैल से गरियांव में

जंघई। गरियांव गांव में मुख्य यजमान शोभनाथ मिश्र के निवास पर नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ 16 अप्रैल से कलश यात्रा एवं तुलसी महात्म्य चरित्र से शुभारंभ होगी। कथा वाचक ब्रहास्त्र विद्या शक्ति पीठाधीश्वर अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता रसराज मृदुल जी महाराज श्री धाम वृंदावन होंगे।यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक भरत शोभनाथ मिश्र ने देते हुए समस्त क्षेत्रवासियों से श्रीराम कथा श्रवण करने का अनुरोध किया है।

डीजे से हजारों का सामन चोरी एक नामजद

मऊआइमा। मऊआइमा थाना क्षेत्र के चकहाफिज उर्फ पूरे शीतल में एक घर के सामने खडे डीजे में लगा हजारो का उपकरण चोरी हो गया। भुक्त भोगो ने एक को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा के चकहाफिज उर्फ पूरे शीतल गांव निवासी जयस कुमार पुत्र राम चरन का आरोप है कि वह अपना डीजे घर के सामने खडा किए हुए था। जिसका उपकरण विगत दिनों चोरी हो गया था। बताया गया है कि डी जे में लगभग 75 हजार का सामान लगा हुआ था। भुक्तभोगी जयस कुमार ने ग्राम जाम्हा निवासी मोहम्मद सैफ पुत्र मासूक पर चोरी का आरोप लगाते हुए नामजद चोरी का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

मेजा में नामांकन के तीसरे दिन 4 अध्यक्ष व 6 सदस्य के लिए हुआ नामांकन, 28 पर्चे बिके

अखंड भारत संदेश

मेजा। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन नामांकन के तीसरे दिन अध्यक्ष के लिए 4 और सदस्य के लिए 6 प्रत्याशियों पर्चा भरा।जिसमें नगर पंचायत भारतगंज के लिए अध्यक्ष और सदस्य के लिए 4 -4 नामांकन हुए।अध्यक्ष के लिए 3 फार्म और सदस्य के लिए 13 फार्म खरीदे गए। ।वहीं सिरसा के लिए अध्यक्ष के लिए कोई नामांकन नहीं हुआ,जबकि एक पर्चा खरीदा गया। सदस्य के लिए 11 पर्चे खरीदे गए।जबकि 2 नामांकन हुए।जिसमें सिरसा के 11 वार्ड और भारतगंज के 13 वार्ड शामिल हैं। तीन दिन लगातार छुट्टी होने के बाद भी नामांकन प्रक्रिया जारी रहेगी। दोनों नगर पंचायत के लिए मेजा तहसील मुख्यालय पर नामांकन चल रहा है। सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन होगा। नगर पंचायत भारतगंज के निर्वाचन अधिकारी एसडीएम मेजा और सहायक निर्वाचन अधिकारी खंड विकास अधिकारी मेजा सईद अहमद ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया शांति पूर्ण ढंग से और आचार संहिता का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है।इसी क्रम में नगर पंचायत सिरसा के निर्वाचन अधिकारी उपजिलाधिकारी करछना राजेश श्रीवास्तव ने भी बताया कि नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से चल रही है।वहीं आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराने के लिए दोनों काउंटरों पर भारी पुलिस बल तैनात है।फिलहाल नगर पंचायत चुनाव को लेकर तहसील मुख्यालय मेजा में गहमा -गहमी का माहौल है।

बाइक मार्च निकाल कर मऊआइमा पुलिस ने मतदान के लिए लोगों को किया जागरूक

मऊआइमा। निकाय चुनाव के मद्देनजर मऊआइमा पुलिस कर्मियों ने नगर पंचायत मऊआइमा में बुधवार को देर शाम बाइक मार्च निकाला कर जागरूक किया और निर्भीक हो कर मतदान करने की अपील किए।मऊआइमा नगर पंचायत में निकाय चुनाव के मद्देनजर ए सी पी मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में मऊआइमा पुलिसकर्मियों ने बुधवार को देर शाम नगरपंचायत क्षेत्र व आस पास क्षेत्रो में बाइक मार्च निकाला और यह ऐलान करते रहे कि निर्भीक हो कर मतदान करें और बिना डर खौफ अपने मतों का जरुर प्रयोग करें। यदि मतदान करने में कोई बाधा डाले तो सूचना दें। बाइक मार्च में एसीपी मनोज सिंह, इंस्पेक्टर सुरेश सिंह, रमेशचंद्र, सब इंस्पेक्टर संजय मौर्या, अनुप वर्मा ,सूर्य प्रकाश आदि बडी संख्या में मऊआइमा थाने के पुलिसकर्मियों ने बाइक मार्च किए।

पत्रकार व अधिवक्ता की हत्या करने की हो रही है साजिश

लेडियारी। थाना क्षेत्र के पवांरी ग्राम निवासी एक पत्रकार व अधिवक्ता को जान से मारने की गाँव के ही कुछ अपराधी किस्म के लोगों द्वारा की जा रही है। पीड़ित पत्रकार ने अधिकारियों को पत्र भेज कर लिखा है कि खीरी थाना क्षेत्र के कुछ दबंग व्यक्ति तथा अपराधी किस्म के लोगों द्वारा जिसमें एक झोला छाप डाक्टर तथा उसका लड़का और उसके रिस्तेदार उसकी अधिवक्ता उमेश पाल की तरह हत्या करने की साजिश कर रहे हैं भुक्तभोगी ब्यक्ति प्रधान संघ का पूर्व अध्यक्ष तथा वरिष्ठ पत्रकार हैवर्तमान में वह लेड़ियारी सहकारी संघ का उपाध्यक्ष तथा पत्रकार एसोसिएशन उ. प्र. का प्रान्तीय मंत्री भी है। भुक्तभोगी तहसील कोरांव में वकालत करने जाता हैउसे शक है कि पवांरी ग्राम के अपराधी किस्म के लोगों द्वारा गिरोह बनाकर किसी आक्रमण किया जा सकता है उक्त गिरोह में अपराधी किस्म के लोगों के साथ कुछ ऐसे लोग भी शामिल हैं जो कई बार उक्त पत्रकार के ऊपर हमला कर चुके हैंइतना ही नहीं गैंग में एक झोला छाप डाक्टर तथा उसका बेटा व उसके बुआ का लड़का एवं गाँव के अन्य शातिर अपराधी किस्म के लोग हैं। पत्रकार ने गुहार लगा कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पुलिस महानिदेशक उ. प्र. उक्त अपराधियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करने मांग की है।

दोषी पाये जाने पर अशोक त्रिपाठी को किया गया सेवा से बर्खास्त

अखंड भारत संदेश

नैनी। शुआट्स के मीडिया प्रभारी एस0बी0 सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि विश्वविद्यालय के फार्म मशीनरी एण्ड पावर इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डा. अशोक त्रिपाठी को विश्वविद्यालय विरोधी गतिविधियों, आपराधिक साजिश रचने, घोर कदाचार, सांप्रदायिक वैमनस्य पैदा करने आदि का दोषी पाये जाने पर सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। श्री एस.बी. सिंह ने बताया कि शुआट्स में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत रहने के दौरान अशोक त्रिपाठी विश्वविद्यालय विरोधी गतिविधियों एवं अन्य अनैतिक कृत्यों में लिप्त थे। विश्वविद्यालय आन्तरिक जांच समिति की रिपोर्ट दिनांकित 23.09.2020 में उन्हें दोषी पाया गया था। इस संबंध में उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की गई थी जिसकी रिपोर्ट दिनांकित 17.12.2022 में डा. अशोक त्रिपाठी को आपराधिक साजिश रचने, विश्व विद्यालय विरोधी गतिविधियों में शामिल होने, घोर कदाचार, सांप्रदायिक वैमनस्य पैदा करने, विश्वविद्यालय के भीतर शांति भंग करने, झूठी खबरें फैलाकर विश्वविद्यालय के नाम और प्रतिष्ठा को बदनाम करने, अशांति और असामंजस्य पैदा करने की साजिश करने, विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ झूठी शिकायतें लिखकर साजिश रचने, शिक्षकों और कर्मचारियों में दहशत और अशांति पैदा करने के लिए वेतन को रूकवाने की कोशिश, सांप्रदायिक तनाव पैदा करना और धार्मिक असहिष्णुता पैदा करने आदि का दोषी पाया गया। डा अशोक त्रिपाठी के उपरोक्त कृत्यों में शामिल होने का दोषी पाये जाने के दृष्टिगत, आन्तरिक जांच समिति व उच्च स्तरीय जांच समिति की रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए बोर्ड आफ मैनेजमेन्ट की 63वीं बैठक दिनांकित 11.04.2023 में बहुमत से डा. अशोक त्रिपाठी को सेवा से बर्खास्त किये जाने का संकल्प लिया गया। बोर्ड आफ मैनेजमेन्ट के निर्णय को विश्वविद्यालय की सीनेट की 22वीं बैठक दिनांकित 11.04.2023 में अनुमोदन दिया गया। तदोपरान्त डा. अशोक त्रिपाठी को सेवा से बर्खास्त करते हुए सेवा बर्खास्तगी पत्र दिनांकित 12 अप्रैल, 2023 को जारी किया गया। डा. अशोक त्रिपाठी की बर्खास्तगी 11 अप्रैल, 2023 से प्रभावी की गई।

एनएच-30 पर खड़े ट्रक में घुसा गिट्टी लदा ट्रक, चालक की मौत

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। नेशनल हाईवे 30 पर बुधवार को रात के दूसरे पहर हुए एक हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। यह हादसा शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के सुरबल साहनी के नजदीक हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही मुकामी पुलिस मौके पर पहुंच गई और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात सुरवल साहनी के समीप एक हादसा हुआ था, जिसमें एक ट्रक खराब हो गया था और वह ट्रक वहीं पर खड़ा था। रात के दूसरे पहर एक अन्य ट्रक गिट्टी लादकर जा रहा था। जैसे ही गिट्टी लदा ट्रक सुरबल साहनी के नजदीक पहुंचा, उसका चालक एनएच पर खड़े ट्रक को देख नहीं पाया और उसी ट्रक में पीछे से घुस गया। उसी स्थान पर चंद घंटे के बाद दोबारा हुए हादसे की सूचना मिलते ही फिर से शंकरगढ़ पुलिस के पर पहुंची। तब तक डायल 112 की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी।

एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि इस हादसे में ट्रक चालक को निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ट्रक चालक की शिनाख्त रवि यादव (निवासी आजमगढ़) के रूप में हुई है। शव को चीरघर भेज दिया गया है।

जारी बाजार में बिजलेंस टीम का छापा

जारी। प्रयागराज गुरुवार को जारी बाजार में ब्यापारियों के प्रतिष्ठान में विजलेंस टीम का छापा पड़ा गया जिससे बाजार के ब्यापारियों में खलबली मच गयी। बिजलेंस टीम के साथ विद्युत विभाग के जेई ,एसडीओ, समेत स्थानीय कर्मचारियों ने कई प्रतिष्ठानों के छत पर सीढ़ी लगाकर वीडयो रिकार्डिंग करके कटिया बाईपास , लोड का कनेक्शन चेक किया गया। बिजली उपभोक्ताओं ने बताया कि कोई भी कर्मचारी मीटर रीडिंग करने नही आता। जिन उपभोक्ताओं का बिजली का बिल गलत तरीके से आ रहा है।कोई भी विभाग का अधिकारी सुधारने के लिए नही आता है। बिजली चेकिंग के दौरान एयर कंडीशनर लगे घरों में लोड बढ़ाने के लिए कहा गया ।गलत तरीके से यूज कर रहे।बिजली उपभोक्ताओं के ऊपर कारवाई करने के लिए कहा गया। अधिकारियों ने बताया कि चेकिंग अभियान अभी शुरू रहेगा।

राष्ट्र निर्माण में बच्चों के प्रति शिक्षकों की विशेष भूमिका : अनामिका चौधरी

अखंड भारत संदेश

सहसों। बहरिया विकास खण्ड क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेरूई में शिक्षा उन्नयन गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर राष्ट्र का निर्माण करने में विशेष भूमिका रखते हैं। उन्होंने कहा ऐसे गुरुओं का सम्मान अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व विद्यालय की सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका नूर हाशमी को प्रभारी प्रधानाध्यापिका वंदना श्रीवास्तव व दुर्गावती मिश्रा ने उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सम्मान समारोह कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के विधिक सलाहकार आमोद श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि को एक प्रार्थना पत्र देकर मांग किया कि केंद्रीय सरकार के अनुसार प्रदेश सरकार में भी 28 मार्च 2005 के पूर्व रिक्त पदों के लिए जारी विज्ञापन के आधार पर नियुक्त किए गए कर्मचारियों को भी पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाए जिससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों का बुढ़ापा कट सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान नागेन्द्र यादव व संचालन अशेषानन्द ने किया। अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ बहरिया दीप नारायण यादव ने सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर एआरपी अशोक यादव, आदर्श चतुर्वेदी, संतोष गुप्ता, रवि दूबे, मनीलाल, अमोद श्रीवास्तव, सुभाष पटेल, पूर्णिमा श्रीवास्तव, प्रभाकर मिश्रा, कमल यादव, अवधेश यादव, मातांबर सिंह, जंग बहादुर, मीना त्रिपाठी, सुषमा शुक्ला, मीना शर्मा, सरिता कमल आदि लोग मौजूद रहे।

न्यूज झरोखा

नारद जी महाराज का भव्य स्वागत कर भक्तों ने लिया आशीर्वाद

सहसों। मिजार्पुर जनपद के सक्तेशगढ़ स्थित स्वामी अड़गड़ानंद महाराज के शिष्य नारद जी महाराज बुधवार रात प्रयागराज के अंदवा स्थित रुद्रा संगम कालोनी परिसर पहुंचते ही उनके भक्तों ने भव्य स्वागत करते हुए आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर फूलों की वर्षा कर आरती उतारने के साथ ही भक्तों ने ढोल नगाड़े के साथ अपने गुरुदेव अड़गड़ानंद जी महाराज के जयकारे लगाए। जिससे पूरा इलाका भक्तिमय हो गया। नारद जी ने आश्रम से जुड़े भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन को सफल बनाने के लिए सभी को यथार्थ गीता पढ़नी चाहिए। स्वामी जी के श्रीमुख से रचित यथार्थ गीता स्त्री पुरुष, संत गृहस्थ सभी के लिए उपयोगी। गीता पढ़ने वाला व्यक्ति अनैतिक नहीं हो सकता। इस दौरान आश्रम से जुड़े डॉ रवि सिंह, संतोष सिंह, जितेन्द्र चौधरी आदि ने अपने आवास में गुरुदेव के लिए भोग लगाया। इस दौरान जिला प्रशिक्षण अधिकारी मिजार्पुर अनिल कुमार सिंह, इलाहाबाद विश्वविद्यालय से संजीव सिंह, डा मनोज गुप्ता, डा धीरज सिंह, राजेश कुमार श्रीवास्तव, चंद्रशेखर सिंह, सौरभ सिंह, मोनू , सुनीता सिंह, अनिता सिंह, आरती सिंह, चंचल सिंह, मीना यादव सहित आदि दर्जनों नर नारी भक्त मौजूद रहे।

2.2 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

शंकरगढ़। शंकरगढ़ पुलिस ने 2.2 किलोग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी देते हुए एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाना शंकरगढ़ क्षेत्र के सेननगर तिराहे से कपारी की ओ? जाने वाली सड़क के पास से मोहम्मद इश्तियाक उर्फ गुड्डू पुत्र स्व. महीबुल्ला (निवासी पंखा टोला, शंकरगढ़) को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से दो किलो, 200 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। गिरफ्तारी और बरामदगी के संबंध में थाना शंकरगढ़ में धारा 8/20 ठउ्रर अउ्ळ के तहत पंजीकृत किया गया और नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के अध्यक्ष बने राम रूप सिंह

करछना। विकास खण्ड करछना ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के अध्यक्ष पद का गठन किया गया जिसमें ग्राम विकास अधिकारी (सचिव)राम रूप सिंह, विकास खंड करछना? को सर्व सम्मति से अध्यक्ष पद नामित किया गया है ब्लाक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विकास खंड करछना के सचिव अध्यक्ष पद पर निर्विरोध घोषित किया गया, वही अब्दुल वारी को उपाध्यक्ष, मंत्री पद पर राज कपूर गौतम, कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला, अक्षत सिंह को मीडिया प्रभारी एवं आदित्य कुमार पौडवाल को जिला प्रतिनिधि मनोनीत किए गए, बैठक में उपस्थित कमल सिंह,राम सकल, अशोक कुमार सिंह, महेश कुमार, मनीष कुमार, अमित यादव, अमरेश सिंह, आंनद कुमार, श्रीधर, रमाशंकर, रोहित कुमार,हरी लाल सिंह सहित करछना ब्लाक के कर्मी शामिल रहे।

हत्या का वांक्षित अभियुक्त पुलिस की तत्परता से गिरफ्तार

बारा/लालापुर। थानांतर्गत पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार वर्मा के नेतृत्व में निरीक्षक राजेश कुमार सचान, वरिष्ठ उपनिरीक्षक कौशलेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा पुलिस बल के साथ थाने पर पंजीकृत मुअस 49/2023 धारा 302/307 भादवि का वांक्षित अभियुक्त रामसिंह यादव उर्फ भोंदू(38वर्ष)पुत्र रामफल यादव निवासी ग्राम बड़ी असरवई,थाना बारा को लगातार दबिश देकर मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के जियाराम का पूरा से एक तालाब के किनारे से दबोच लिया गया।उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त गडांसे के साथ गिरफ्तार किया गया।हत्या का कारण अभियुक्त अपनी पत्नी को आये दिन मारता-पीटता रहता था।जिससे अभियुक्त के माता पिता भी अभियुक्त को ही डाँटते थे।मृतक रामफल ने अपनी बहू को मायके चली जाने के लिए कह दिया था, जिससे बहू अपने मायके कौंधियारा थानांतर्गत कैथा गाँव चली गई थी।इसे लेकर बीती रात को भी उसने अपने पिता से विवाद किया था और उसी खुन्नस में सब के सो जाने पर उसने अपने पिता की नृशंस हत्या कर दी।अभियुक्त को थाने पर लाकर सुसंगत धाराओं में लिखापढ़ी कर न्यायालय के लिए भेज दिया गया।

थाना पडाव स्थित मस्जिद में सामूहिक इफ्तार पार्टी का आयोजन

मऊआइमा। थाना पडाव स्थित मस्जिद में सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन ग्राम सुलतान खास में किया गया। जिसमें मौजूद मौलाना ने इफ्तार के पूर्व दुआ कराई तथा कहा कि इफ्तार कराना सवाब का काम है। इस अवसर पर पेश इमाम मोहम्मद जावेद, मस्जिद के जिम्मेदार पूर्व प्रधानाचार्य मोहम्मद शमी, जिला पंचायत सदस्य कमरूल हसन, पूर्व ग्राम प्रधान वाजिद अली उर्फ बचऊ ,मौलाना कादिर ,समाज सेवक जमालुर्रशीद उर्फ काजू, हाजी मतीन, शादाब, तुफैल, गुड्डू, सबील ,तौहीद, अतहर, मोहम्मद हाशिम, कामरान आदि बडी संख्या में रोजेदार मौजूद थे।

जानलेवा हो सकते हैं संचारी रोग, इनसे बचें : मनीष

अखंड भारत संदेश

संचारी रोगों के प्रति बच्चों को किया जागरूक

करछना। हम सबकी थोड़ी सी लापरवाही के चलते संचारी रोग जानलेवा हो सकते हैं। ऐसे रोंगों के प्रति बच्चे अपने घर के लोगों को जागरूक करते हुए पास पड़ोस में भी जागरूकता फैलाएं। यह बातें गुरुवार को रामपुर स्थित बृज मंगल सिंह इंटर कॉलेज के सभागार में बच्चों को संचारी रोगों के बचाव के प्रति जागरूक करते हुए प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कही। प्रवक्ता जितेंद्र कुमार ने बताया कि डायरिया, डेंगू, चिकनगुनिया मलेरिया जैसे की रोग मच्छरों द्वारा जनित है,कभी-कभी इनसे बीमार होने पर लोग लापरवाही बरतते हैं जो आगे चलकर खतरनाक और जानलेवा भी हो सकते हैं। इसके लिए स्वच्छ पानी और ताजे भोजन के साथ साथ मच्छरों से बचाव करने हेतु सभी उपाय अपनाए जाने चाहिए। घर और कमरे की साफ सफाई बहुत जरूरी होती है। रोग की स्थिति में लापरवाही न करते हुए विशेषज्ञ डॉक्टरों से सलाह लें और दवा कराएं।इस दौरान शिक्षकों ने भी बच्चों को संचारी रोगों के बारे में जानकारी देते हुए इसके बचाव एवं प्रचार-प्रसार करने और खुद इससे बचने पर जोर दिया। इस मौके पर प्रदीप कुमार, विजय सिंह, रमेश चंद्र तिवारी, जगत पाल मो. परवेज सिद्दीकी, सुरेश कुमार, मालती शर्मा कमला शंकर त्रिपाठी, विश्वेष ओझा, अशोक सिंह, विमला देवी समेत शिक्षक कर्मचारी और बच्चे मौजूद रहे।

दो अलग अलग गांवों में मार पीट,आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। मऊआइमा के एक गांव में पशुओं को लेकर वृद्ध को मार कर हाथ तोड दिया गया जबकि दूसरे गांव में एक को धारदार हथियार से मारा गया। पुलिस ने दोनों मामलों में आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना अंतर्गत सेमरावीरभानपुर गांव निवासी अरुण कुमार पुत्र भईयाराम का आरोप है कि उनके वृद्ध पिता गौशाला में जा कर पशुओं को चारा दे रहे थे तभी पडोसी की भैंस आ कर चारा खाने लगे मना करने पर मेरे पिता भईयाराम यादव को गालियाँ देते हुए लाठियों से मार कर हाथ तोड दिए। अरूण कुमार ने मऊआइमा थाने में अखिलेश, अतुल पुत्रगण अमरनाथ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है । उधर वाजिदपुर निवासी छोट लाल पुत्र स्वर्गीय कडेदीन यादव आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर पडोसी उसे मारे पीटे और धारदार हथियार से परिवार की मीना कुमारी को मार कर जख्मी कर दिए। छोटेलाल ने मऊआइमा थाने में प्रिन्श, आशुतोष, विजय कुमार, अरूण कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

मऊ आइमा की बेटी शिखा मौर्या पीसीएस बनीं पहली बार घर पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। मऊआइमा की शिखा मौर्या के यूपीपीसीएस की परीक्षा में सफलता होने के बाद जब पहली बार गांव पहुंची तो ग्रामीण खुशी से झूम उठे। और सैकड़ो की संख्या में स्वागत करने वालो की भीड़ एकत्रित हो गई। मऊ आइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बांका जलालपुर निवासनीय शिखा मौर्या पुत्री आशीष कुमार मौर्या यूपीपीसीएस में आने से गांव में खुशी मची थी।शिखा मौर्या जब अपने पैतृक गांव बांकाजलालपुर पहुंची तो परिजनों में खुशी के आंसू छलक आए। परिजनों एंव ग्रामीणों द्वारा शिखा को माला पहनाकर स्वागत किया गया ।शिखा अपने पिता आशीष कुमार मौर्या माता सरोजा देवी मौर्या की अकेली संतान है। वह इलाहाबाद विश्वविद्यालय में रहकर शिक्षा ग्रहण कर इस मुकाम पर पहुंची। शिखा ने बताया कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती ,कभी न कभी सफलता जरूर कदम चूमती है। उनके पिता आशीष कुमार मौर्य बाबागंज जनपद प्रतापगढ स्थित प्राथमिक विद्यालय डिहवा जलालपुर में प्रधानाध्यापक है। तथा सरोजा देवी मौर्या गृहणी है। इस मौके पर इस अवसर पर दादा कन्हैया लाल मौर्य, दादी चन्द्रमा मौर्या, चाचा विनीत कुमार मौर्य, चाची रेखा मौर्य ने शिखा को आशिर्वाद दिया। ग्राम प्रधान लाल बहादुर पटेल ,कॉपरेटिव अध्यक्ष राजकुमार मौर्य ,दिनेश पटेल, चंद्रिका प्रसाद मौर्य रणविजय मौर्य रणजीत सिंह मौर्य प्रहलाद मौर्य , मदन लाल गुप्ता ,आकाश शर्मा , संतोष कुमार मौर्य, सुधीर मौर्य,संतोष प्रजापति ,ललित यादव , दिलीप कुमार, समीर, संजय कुमार , लवलेश कुमार आदि बडी संख्या में ग्रामीणों ने बधाई दी है। शिखा मौर्या को फिलहाल टैक्स एससिसमेंट ऑफिसर का पद मिला है।

सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष की कथा सुन भावविभोर हुए प्रतापपुर निवासी

अखंड भारत संदेश

प्रतापपुर। मुख्य यजमान चिंतामणि मिश्र, मुन्नी देवी, प्रवीण मिश्र, हिरण मिश्र, राजेश मिश्र, सरिता मिश्र के प्रतापपुर निवास पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का समापन गुरुवार को सुदामा चरित्र वर्णन के साथ हुआ। कथा वाचक पंडित देवी प्रसाद द्विवेदी व्याकरणाचार्य महाराज ने प्रभु श्रीकृष्ण के 16108 शादियों के प्रसंग के साथ, सुदामा प्रसंग और परीक्षित मोक्ष की कथाएं सुनाई। सुदामा चरित्र व राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा सुनकर श्रोता भक्ति भाव में डूब गए। महाराज ने कहा कि द्वारपाल ने द्वारिकाधीश से जाकर कहा, प्रभु द्वार पर एक ब्राह्मण आया है और आपसे मिलना चाहता है वह अपना नाम सुदामा बता रहा है यह सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने राजमहल के द्वार पर पहुंच गए यह सब देख वहां लोग यह समझ ही नहीं पाए कि आखिर सुदामा में ऐसा क्या है जो भगवान दौड़े-दौड़े चले आए सुदामा जी ने भगवान के पास जाकर भी कुछ नहीं मांगा भगवान श्री कृष्ण अपने स्तर से सुदामा को सब कुछ देते हैं। कथा वाचक ने सुदामा चरित्र के माध्यम से भक्तों के सामने दोस्ती की मिसाल पेश की और समाज में समानता का संदेश दिया इसके बाद उन्होंने परीक्षित मोक्ष की कथा का श्रवण कराया।इस अवसर पर आयोजकों द्वारा आरती प्रसाद वितरण करवाया गया जिसमें वीरेंद्र कुमार मिश्रा, डॉ साधूचरण तिवारी, शुभम तिवारी, नवीन कुमार मिश्रा, सचिन मिश्र, अनिल कुमार मिश्रा, धीरज मिश्र फिल्म डायरेक्टर, महेंद्र कुमार मिश्रा, अनुराग मिश्र, श्यामधर मिश्र, कृष्ण मुरारी मिश्र, अशोक कुमार मिश्रा, प्रदीप कुमार मिश्रा, रमेश कुमार मिश्रा, विनोद कुमार मिश्रा, मुन्ना मिश्र, अनुज मिश्र, अभिषेक मिश्र, सत्यम मिश्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

प्रयागराज सपा कमेटी का अधूरा कार्यकारणी का गठन होने से पुराने सपाईयों में नाराजगी

मऊआइमा। प्रयागराज सपा की कमेटी के कार्यकारणी का अधूरा गठन होने से पुराने सपाईयों में काफी आक्रोश व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार जनपद में सपा के कार्यकारणी में अध्यक्ष अनिल यादव और महासचिव राम सुमेर पाल के अलावा किसी को तरजीह न देने जैसे मुस्लिम समुदाय सपा का कोर मतदाता है। निकाय चुनाव में उम्मीदवारों का फैसला अधूरा लटका हुआ है। पुराने सपाईयों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सपा कार्यकारिणी में मुस्लिम, पटेल ,दलित, मौर्या, प्रजापति ,विश्वकर्मा आदि को उपेक्षित किया जा रहा है। पुराने सपाइयों का आरोप है कि जो लखनऊ कार्यालय का चक्कर लगाते हैं उनहें पद मिल जाता है जो जनता की समस्याओं को लेकर लडता है। चुनाव जीताने के लिए दिन रात एक कर देता है। जमीनी लोगों को कोई एहमियत नहीं दी जाती है। कार्यकारणी का गठन अधूरा है और निकाय चुनाव लडने वालों का दो लोग फैसला ले रहे हैं। आरोप है कि यदि जल्द सपा कार्यकारिणी में मुस्लिम कोर मतदाताओं के नेताओं को तरजीह नहीं दी जाती तो सपा को खमियाजा भुगतना पड़ सकता है।

खबर संक्षेप

चोरी के आरोपी को माण्डा पुलिस ने पकड़ा

मेजा रोड। माण्डा की पुलिस ने चोरी के दर्ज मुकदमे का खुलासा करते हूऐ शामिल चोरो को मोबाइल समेत आज दबोच लिया है।उक्त कार्यवाही-पुलिस आयुक्त रमित शर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में डीसीपी यमुनानगर संतोष कुमार मीणा व एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र के पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक माण्डा अरविन्द कुमार गौतम द्वारा दिये गए कड़े निर्देश पर उप निरीक्षक दिनेश राय ने पंजीकृत मुकदमा 71/23 धारा 379/411से जुड़े आरोपीयो को लगातार प्रयास के बाद गुरुवार को शामिल दो चोरो को तीन मोबाइल के साथ ग्राम टिकरी के पास स्थित भट्टे झोपड़ी से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी विकास कुमार यादव पुत्र राम आधार यादव निवासी महेवा कला माण्डा प्रयागराज व दूसरा आरोपी सद्दाम इदरीश पुत्र सिराजुद्दीन निवासी टिकरी माण्डा का निवासी है। पुलिस का कहना आरोपियों गिरफ्तार जगहों से थाना माण्डा पर लाया गया जहाँ आगे की पुलिस कार्यवाही की गई।

माफिया अतीक बेटे के जनाजे में नहीं हो पाएगा शामिल कानूनी पेंच के चलते नहीं मिली अनुमति

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। कानूनी पेंच के चलते माफिया अतीक अहमद अपने बेटे असद की अंतिम यात्रा में शामिल नहीं हो पाएगा। उसको बेटे असद के जनाजे में जाने की अनुमति नहीं मिल सकी है। एनकाउंटर का समाचार उस समय मिला जब वह कोर्ट रूम में मौजूद था। इसी समय झांसी में असद और गुलाम हसन का एनकाउंटर किया गया। जैसे ही यह समाचार मिला पूरे कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं ने जय श्री राम और योगी जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। कोर्ट रूम से बाहर निकलने के बाद अशरफ ने अतीक को असद और गुलाम का एनकाउंटर किए जाने की बात बताई तो माफिया कुछ देर के लिए बदहवास हो गया। इस दौरान उसने यह भी कहा कि यह सब मेरे कारण ही हुआ है। मेरे कृत्य की सजा मेरे बेटे को मिली है। इसके बाद उसने अपने वकील के माध्यम से कोर्ट से बेटे के जनाजे में जाने की अनुमति मांगी। जिसे कोर्ट ने नामंजूर कर दिया। दरअसल माफिया अतीक अहमद सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर साबरमती जेल में बंद है। उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी होने के चलते उसे सीजेएम ने उसे कोर्ट के सामने पेश करने का आदेश जारी किया था, जिसके अनुपालन में उसे कोर्ट में बृहस्पतिवार को पेश किया गया। असद के शव पर मां या बाप ही दावा कर सकते हैं, लेकिन दोनों इस समय मौजूद नहीं है। माफिया अतीक अहमद जहां जेल में बंद है वहीं असद की मां शाइस्ता परवीन फरार चल रही है। ऐसे में पोस्टमार्टम के बाद असद के शव को शाइस्ता के ससुर यानी असद के नाना को दिया जा सकता है।

गुलाम के भाई ने शव लेने से किया इनकार

असद के साथ एनकाउंटर में मारे गए गुलाम हसन का शव उसके भाई राहिल हसन ने लेने से इनकार कर दिया है। गुलाम हसन अतीक का खास शूटर था और उस पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था। उसने उमेश पाल पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई थीं। इसके बाद वर फरार हो गया था। उसके मेहंदौरी रसूलाबाद स्थित पुश्तैनी मकान को गत दिनों पीडीए ने बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया था।गुलाम हसन का बड़ा भाई राहिल हसन भाजपा से जुड़ा था और भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष था। गुलाम का नाम उमेश पाल हत्याकांड में सामने आने के बाद भाजपा ने उसे पद से हटा दिया था। राहिल हसन ने पहले भी कहा था कि यदि गुलाम का एनकाउंटर होता है तो वह उसकी लाश को नहीं लेगा। बृहस्पतिवार को जब गुलाम मुठभेड़ में मारा गया तो राहिल हसन ने फिर वही बात दोहराई और कहा कि उसका भाई गुलाम अपराधी था। इसलिए वह उसका शव नहीं लेगा।उसने हमारे परिवार की छवि को पूरे समाज में नष्ट कर दिया। इससे उनकी काफी बदनामी हुई है। उसके चलते ही हमारा मकान ध्वस्त हो गया और हमारी बूढी मां का रो-रोकर बुरा हाल है। मां हम सभी भाइयों को हमेशा ईमानदारी और नेक रास्ते पर चलने की सलाह देती थी, लेकिन उस पर इसका कोई असर नहीं हुआ और इसका परिणाम आज सामने है।

हाईकोर्ट ने अब्दुल्ला आजम की याचिका खारिज की

अखंड भारत संदेश

दो साल की सजा पर रोक लगाने की मांग की नामंजूर

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट से स्वार विधानसभा सीट से पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को तगड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने निचली अदालत द्वारा सुनाई गई दो साल की सजा पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि तथ्यों और परिस्थितियों में आवेदक की दोषसिद्धि पर रोक लगाने का कोई उचित आधार नहीं है। अपीलीय अदालत द्वारा पारित आक्षेपित आदेश न्यायसंगत, उचित और कानूनी है और इसमें किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। यह समय की मांग है कि लोक प्रतिनिधियों का स्वच्छ छवि का होना चाहिए। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता ने अब्दुल्ला आजम की याचिका की सुनवाई के बाद दिया है।याची अब्दुल्ला आजम और उसके पिता पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान को मुरादाबाद की निचली अदालत ने 29 जनवरी 2008 को पुलिस चेकिंग के दौरान समर्थकों के साथ हाईवे पर जाम लगाने के आरोप में दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई थी। दो साल की सजा होने की वजह से अब्दुल्ला आजम ने अपनी विधानसभा की सदस्यता भी खो दी। चुनाव आयोग अब स्वार विधानसभा सीट पर चुनाव कराने की तैयारी में है। अब्दुल्ला आजम अपनी सजा पर रोक लगाने की मांग पर हाईकोर्ट में गुहार लगाई थी।अब्दुल्ला आजम खान की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता इमरानउल्ला की ओर से तर्क दिया गया कि जब घटना हुई थी तो अब्दुल्ला आजम किशोर था। ट्रायल कोर्ट की ओर से उसे अवैध रूप से दोषी ठहराया है। इसलिए सजा पर रोक लगाई जानी चाहिए थी। कोर्ट ने कहा कि आवेदक पूरी तरह से गैर मौजूद आधारों पर अपनी दोषसिद्धि पर रोक लगाने की कोशिश कर रहा है। याची पर 46 आपराधिक मामले लंबित हैं। राजनीति में पवित्रता रखना अब समय की मांग है। जन प्रतिनिधियों को स्वच्छ छवि का होना चाहिए। उक्त परिस्थितियों की पृष्ठभूमि में दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इंकार करना गलत नहीं होगा।

माफिया अतीक के लिए आज का दिन बेहद मुश्किलों भरा रहा

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। माफिया अतीक के लिए आज का दिन बेहद मुश्किलों भरा रहा, एक तरफ यूपी एसटीएफ ने उसके बेटे और उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी को एक एनकाउंटर में ढेर कर दिया, दूसरी तरफ कोर्ट ने उसकी सात दिनों की रिमांड भी मंजूर कर दी। जिस प्रयागराज में कभी अतीक के नाम का सिक्का चला करता था, आज जब वह कोर्ट में सुनवाई के बाद निकला तो उसके ऊपर बोतलें फेंकी गईं। कोर्ट में बेटे असद के एनकाउंटर की खबर सुनकर माफिया अतीक अहमद बेहोश हो गया।

असद के गुनाह की गवाही सीसीटीवी कैमरों ने दी

प्रयागराज। उमेश पाल मर्डर केस में जांच कर रही पुलिस टीमों का कहना है कि असद यह भूल गया था कि उसकी यह हरकत वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो रही है। जो उसके गुनाहों की सजा, उसकी मौत के रूप में दिलाने में सबसे बड़ा सहयोगी बनेगी 12 और 13 अप्रैल की रात में झांसी में शूटर गुलाम मोहम्मद के साथ मुठभेड़ में मारे गए असद अतीक का खात्मा हो चुका है। लेकिन सीसीटीवी में उसका दिख रहा खौफनाक अंदाज आज भी लोगों के जेहन में कौंधता है।

इकलौता असद ही था जो अतीक के नक्शे कदम पर चलना चाहता था

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। उमेश पाल के मर्डर के दो शूटर पुलिस एनकाउंटर में ढेर शूटर गुलाम मोहम्मद के साथ ढेर हुए माफिया अतीक अहमद के बेटे असद अतीक के तेवर बचपन से बड़े खतरनाक थे। स्कूल में मारपीट करना और अपना रुतबा कायम रखने के लिए गिरोह बनाकर गुंडई करना उसका सगल बन गया था। अपने माफिया पिता अतीक के दुलारे और चाचा अशरफ के लाडले असद को उसकी मित्र मंडली छोटे सांसद के नाम से भी बुलाती थी। जिसकी वजह असद का तेवर कलेवर अतीक अहमद जैसा था। पांच भाइयों में इकलौता असद ही था, जो अतीक के नक्शे कदम पर चलना चाहता था।

बिशप जॉनसन में अपनी शुरूआती पढ़ाई करने वाला असद ब्रिलिएंट स्टूडेंट में गिना जाता था, लेकिन गुंडई में भी वह अव्वल था व्यंगात्मक ही सही, लेकिन यह सवाल लोग करने लगे हैं कि आखिर अब बिशप जॉनसन में अपनी शुरूआती पढ़ाई करने वाला असद ब्रिलिएंट स्टूडेंट में गिना जाता था, लेकिन गुंडई में भी वह अव्वल था। व्यंगात्मक ही सही, लेकिन यह सवाल लोग करने लगे हैं कि आखिर अब अतीक अपनी अपराध की गद्दी किसे सौपेंगा लखनऊ की एक यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग कर रहा था। असद की इच्छा विदेश में पढ़ने की थी।

असद इंजीनियरिंग की पढ़ाई लखनऊ से कर रहा था, उसकी मित्र मंडली छोटे सांसद के नाम से भी बुलाती थी जिसकी वजह से असद का तेवर अतीक अहमद जैसा था

उसने विदेश जाने के लिए तीन बार वीजा और पासपोर्ट के लिए अप्लाई भी किया था। वह ब्रिटेन जाना चाहता था, लेकिन पिता के आपराधिक रिकॉर्ड की वजह से उसे वीजा नहीं मिल पाया था। जिसकी वजह से वह विदेश पढ़ने नहीं जा पाया था। यह बयान उसके बड़े भाई अली अहमद ने पूछताछ के दौरान पुलिस को दिया था। असद को करीब से जानने वाले लोग बताते हैं कि वह बहुत गुस्सैल मिजाज का था। बात बात पर मरने मारने पर उतर आता था।स्कूल

टाइम से ही बच्चे बुलाने लगे थे छोटे संसद स्कूल टाइम से ही असद अपने अब्बू अतीक अहमद के नक्शे कदम पर चल रहा था। अतीक अहमद पांच बार शहर पश्चिमी से विधायक रहने के बाद वर्ष 2004 में फूलपुर संसदीय क्षेत्र से अपना दल से सांसद बना था। जिसके बाद से लोग उसे सांसद जी कहने लगे थे। उसी आधार पर अतीक के उत्तराधिकारी के रूप में अपनी पहचान बनाने की कोशिश कर रहे असद अतीक को उसके गिरोह के लोग छोटे सांसद के नाम से बुलाने लगे थे।उमेश पाल हत्याकांड में असद अपने गुस्से की वजह से फ्रंट पर आ गया था। पुलिस की जांच में जो तथ्य सामने आए, उसके मुताबिक अतीक और अशरफ ने जो प्लानिंग की थी। उसमें असद को फ्रंट पर आकर शूटआउट में शामिल होने का कोई रोडमैप तैयार नहीं किया गया था। उसे बस गाड़ी के अंदर बैठकर शूटआउट को अपनी आंखों से देखना था और इसकीलाइव रिपोर्टिंग अब्बा और चाचू को करनी थी। लेकिन शूटआउट के दौरान मोहम्मद गुलाम सिपाही का धक्का लगने से जैसे ही जमीन पर गिरा और मौके पर गिरे उमेश पाल उठकर अंदर की तरफ भागे। वैसे ही गाड़ी में पीछे से आए असद को लगा कि अब उमेश पाल बच जाएगा। इसलिए वह स्वयं कार से दौड़ते हुए उतरा और गली में पहुंचा। भाग रहे उमेश पाल पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उन्हें मार दिया। वापस लौट कर अपनी क्रेटा कार से चला गया।

युवा कांग्रेस ने किया यंग इंडिया के बोल सीजन - 3 का विमोचन

अखंड भारत संदेश

युवा प्रतिभा के निखार का सबसे बड़ा मंच : अजीत तिवारी

प्रयागराज। यंग इंडिया के बोल सीजन - 3 के लिए कांग्रेस कार्यालय में प्रयागराज जनपद के प्रभारी अजीत तिवारी के नेतृत्व में पोस्टर लांच किया गया। प्रभारी अजीत तिवारी ने कहा कि यह मंच गांव गरीब और राजनीति में अवसर तलाश रहे उन युवाओं के लिए है जिनमें प्रतिभा खूब है पर राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर नहीं पाते है । राहुल गांधी जी सोच है कि युवाओं की राजनीति में सक्रिय भूमिका हो इसके लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । विभिन्न जनपदों से चुने गए प्रतिभागी लखनऊ में प्रतिभाग करेंगे और लखनऊ पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रतियोगिता के विजेता दिल्ली में युवा कांग्रेस कार्यालय में अपनी आवाज बुलंद करेंगे , जो इस जो भी प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में विजयी होगा उसे राष्टीय प्रवक्ता बनाया जायेगा। इस प्रतियोगिता में देश के ज्वलंत मुद्दे, महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी और संविधान की रक्षा आदि शामिल है । पोस्टर विमोचन में जिलाध्यक्ष निशांत रस्तोगी, प्रदेश संयोजक प्रांजल तिवारी, यमुना पार जिलाध्यक्ष सूरज शुक्ला समेत अन्य कांग्रेसी शामिल रहे।

अपराधियों को उन्हीं के भाषा में जवाब दे रही पुलिस कैबिनेट मंत्री नंदी ने किया ट्वीट

प्रयागराज। सुलेमसराय में उमेश पाल और दो सुरक्षाकर्मियों की हत्या में शामिल असद और गुलाम के एनकाउंटर के बाद योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने अपराधियों को चेताया है। उन्होंने गुरुवार शाम को ट्वीट किया और लिखाङ्क जो जैसा बोएगा वैसा ही काटेगा, यानी इन्सान का जैसा कम होगा, फल भी उसी के अनुरूप मिलेगा। एनकाउंटर के बाद अपनी प्रतिक्रिया में नंदी ने लिखा, मंत्री नन्दी ने अपने ट्वीट में लिखा है कि वर्ष 2017 से बेहतर और सख्त कानून व्यवस्था उत्तर प्रदेश की पहचान बनी है।मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपराध के प्रति उत्तर प्रदेश में जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाया है। कोई माफिया, कोई अपराधी, कोई गुंडा कानून से बढ़कर नहीं है।

सपा सरकार में बंधे थे पुलिस के हाथ : नंदी

नंदी ने आगे ट्वीट में लिखा है कि सपा सरकार में एक समय था जब पुलिस के हाथ बंधे थे और सरकार माफिया को संरक्षण देती थी। योगी जी के राज में पुलिस अपराधियों को उन्हीं की भाषा में जवाब दे रही है। असामाजिक तत्वों के समूल नाश का अभियान जारी है। बुरे काम का बुरा नतीजा इसलिए जो जैसा बोयेगा वैसा ही काटेगा।मंत्री के ट्वीट के बाद लोग उस पर कमेंट भी कर रहे हैं। कोई जय श्री राम के नारे लगा रहा है तो कोई नंदी के ट्वीट पर तंज भी कस रहा है।

मेजा में टायर फटने से पलटा ट्रैक्टर,चालक की मौत

प्रयागराज। प्रयागराज के मेजा में कोहड़र-मेजा राजमार्ग पर बुधवार रात ट्रैक्टर का टायर फटने से अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर सड़क के गड्ढे में पलट गया। इससे चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को अस्पताल भेजा। परिजनों को जानकारी दी। परिजन अस्पताल पहुंचे। हालत गम्भीर देख डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया। जहां देर रात इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।मेजा थाना क्षेत्र के खौर निवासी विकास यादव (25 वर्ष) पुत्र मणिराज यादव ट्रैक्टर चालक था। कम उम्र में ही वह परिवार की स्थिति को देखते हुए चालक बन गया था। ट्रैक्टर चलाकर वह परिवार की आजीविका चलाया करता था। वह बीती बुधवार रात ट्रैक्टर लेकर भटौती के लिए निकला था। इस दौरान मेजा वाया कोहड़ार राजमार्ग पर टायर फटने से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे विकास ट्रैक्टर के पहिए के नीचे दब कर बुरी तरह घायल हो गया। भयावह घटना के बाद स्थानीय लोगों की जुटी भीड़ ने पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में दाखिल कराकर परिजनों को बुलाया। तब तक हालात गम्भीर देख डॉक्टरों ने चालक को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां मध्यरात्रि उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं गुरुवार सुबह परिजन शव घर लेकर आए। यह देख ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं। स्थानीय ग्रामीण श्रीकांत यादव ने बताया कि मृतक कुशल, व्यवहारिक और हर किसी के दिलों में बसा हुआ था। विकास की मौत से परिवार की आजीविका पर ग्रहण लग गया है। घटना को लेकर परिजन ही नहीं ग्रामीण भी सदमे में हैं।

इविवि में भिड़े डिप्टी प्रॉक्टर और छात्र जाम लगाकर जमकर हंगामा

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) के केंद्रीय पुस्तकालय के सामने बुधवार को डिप्टी प्रॉक्टर और छात्रों के बीच भिड़ंत हो गई। दोनों तरफ से मारपीट के आरोप लगाए गए हैं। घटना के विरोध में छात्रों ने लाइब्रेरी के सामने वाले गेट के बाहर सड़क पर जाम लगा दिया। डिप्टी प्रॉक्टर पर कार्रवाई की मांग को लेकर देर तक धरना जारी रहा। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही।घटन बुधवार शाम की है। लाइब्रेरी के बाहर अचानक कुछ छात्रों और सुरक्षा गार्डों के बीच बहस शुरू हो गई। मौके पर पहुंची प्रॉक्टर प्रो. हर्ष कुमार और डिप्टी प्रॉक्टर प्रो. राकेश सिंह से छात्र भिड़ गए। मामला बढ़ने पर वहां छात्रों की भीड़ जुट गई और हंगामा शुरू हो गया। बड़ी संख्या में छात्र लाइब्रेरी गेट के सामने धरने पर बैठ गए। रात में गेट के सामने आनंद भवन से लल्ला चुंगी जाने वाली रोड पर जाम लगा दिया गया।मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात थी। छात्र डिप्टी प्रॉक्टर पर मारपीट का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर देर तक धरने पर बैठे रहे। एमए के छात्र भानु प्रताप और एलएलबी के छात्र अभिषेक कुमार की ओर से कर्नलगंज थाने में दी गई तहरीर के अनुसार शाम के वक्त जब वे लाइब्रेरी से पढ़कर बाहर निकल रहे थे तो गार्डों ने उन्हें रोक लिया और आईकार्ड मांगा।छात्रों ने पूछा कि गार्ड को उनका आईकार्ड देखने का क्या अधिकार है। इस पर प्रॉक्टर और डिप्टी प्रॉक्टर को बुला लिया गया। छात्रों का आरोप है कि डिप्टी प्रॉक्टर प्रो. राकेश सिंह जैसे वहां पहुंचे, उन्होंने छात्रों को डंडा लेकर दौड़ा लिया और उनकी पिटाई शुरू कर दी। साथ ही आरोप लगाया है कि इनमें से एक छात्र को जाति सूचक शब्दों के साथ अपमानित किया गया। उधर, इविवि की पीआरओ डॉ. जया कपूर का कहना है कि देर शाम कुछ बाहरी तत्व गाड़ी लेकर अंदर आने का प्रयास कर रहे थे। रोकने पर उन्होंने गार्डों के साथ गाली गलौज एवं हाथापाई की। इस दौरान वहां पहुंचे विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर एवं डिप्टी प्रॉक्टर के साथ भी गाली गलौज की गई और डिप्टी प्रॉक्टर के साथ हाथापाई भी हुई। विश्वविद्यालय का मेन गेट बाहर से बंद कर दिया गया है, जिससे प्रॉक्टर, असिस्टेंट प्रॉक्टर सहित विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। इस संबंध में पुलिस एवं जिला प्रशासन को सूचित कर दिया गया है।

प्रेमिका की हत्या करने वाला किया गया गिरफ्तार

प्रयागराज। करेली पुलिस ने 13 अप्रैल को प्रेमिक की हत्या करके फरार राकेश पासी को असगरी तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में राकेश पासी ने बताया कि उसका किसी और महिला से संबंध हो गया था। वह उससे फोन पर बातचीत करता था, जिस कारण पहली प्रेमिका उससे झगड़ा करती थी।परेशान होकर 7 अप्रैल को अनीता का सिर राकेश ने दीवार में टकरा दिया। जब वह बेहोश हो गई तो साड़ी के फंदे से गला कसकर छत पर लगे लोहे के एंगल से टांग दिया। जिससे उसकी मौत हो गई।पति और बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ रह रही थी अनीता मध्य प्रदेश के रीवा जनपद अंतर्गत गढ़ थाना क्षेत्र के तर्रा गांव निवासी जगदीश प्रसाद साकेत हैदराबाद में प्राइवेट काम करता है। उसकी पत्नी अनीता साकेत (42) थी। उसके तीन बेटी और एक बेटा है। तीनों बेटियों की शादी हो चुकी है। बेटा पिता के पास रहता है। अनीता की बेटी विभा ने बताया कि पिछले सात आठ साल से मां करेली थाना क्षेत्र के बेनीगंज मोहल्ले में भरत राय के प्लाट पर झोपड़ी डालकर राकेश पासी पुत्र शंकरलाल पासी निवासी पुर खास, सराय अकिल, कौशांबी के साथ रहती थी।

मेजा ब्लॉक का मुख्य विकास अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण गैरहाजिर कर्मचारियों का वेतन रोका

अखंड भारत संदेश

मेजा। मेजा में सीडीओ गौरव कुमार ने मेजा ब्लाक का औचक निरीक्षण कर मातहत को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर अनुपस्थिति चार कर्मचारियों का वेतन रोकने का निर्देश जारी कर दिया। इससे ब्लॉक कर्मियो में हड़कंप मचा हुआ है।बता दें की मुख्य विककस अधिकारी (सीडीओ) गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे ब्लाक मुख्यालय मेजा पहुंचे। सीडीओ ने चुनाव में लगे बीडीओ सईद अहमद की अनुपस्थिति में कर्मियों के साथ ब्लाक परिसर में बन रहे पार्क का बारीकी से निरीक्षण किया। फिर मौजूद ब्लॉक कर्मचारियों से आधे घंटे पूछताछ की। अधिकारी के पूछताछ के दरम्यान कर्मचारियों के पसीने छूटते नजर आए।इसके बाद अधिकारी ने कार्यालय में बैठकर अमृत सरोवर, खेल मैदान, मनरेगा द्वारा किए जा रहे कार्यों व स्वच्छता पर विशेष रूप से आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इन सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य होने चाहिए। उन्होंने ब्लाक कार्यालय में विभिन्न चेंबरो

का गहनता से निरीक्षण किया। अधिकारी ने अनुपस्थिति चार कर्मचारियों का वेतन रोकने का आदेश भी जारी कर दिया। साथ ही अन्य कर्मचारियों को भी चेताया।इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी(पंचायत), रमाकांत पांडेय, एमआई प्रदीप अवस्थी, वरिष्ठ सहायक राम कृष्ण गुप्ता, लेखाकार मदन मोहन, सहायक लेखाकार, विकास पांडेय, आवास ऑपरेटर राजमणि कोटार्य और मनरेगा ऑपरेटर अजय यादव समेत ब्लाक कर्मी मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत धवाडा विकास खण्ड सरसवां जनपद कौशाम्बी

(अल्पकालिक निविदा सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत धवाडा विकास खण्ड सरसवां जनपद कौशाम्बी में 15 वा केंद्रीय वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना,कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प स्ट्रीट लाइट इंटरलॉकिंग स्कूल बाउंड्री एमडीएम सेट कैटल शेड व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 15/04/2023 से 22/04/2023 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 24/04/2023 को 12 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

शशांक सिंह
पंचायत सचिव
विकास खण्ड सरसवां
जनपद कौशाम्बी

मीरादेवी
ग्राम प्रधान, ग्रां0 पं0 धवाडा
विकास खण्ड सरसवां
जनपद कौशाम्बी

सहकारी प्रबन्ध समिति बाबूगंज की नीलम मिश्रा बनीं निर्विरोध अध्यक्ष

लालगंज, प्रतापगढ़। विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अर्न्तगत सहकारिता निर्वाचन में गुरूवार को अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। जिसमें बाबूगंज क्रय-विक्रय प्रबन्ध समिति में नीलम मिश्रा निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुई। इसमें निर्धारित समय तक अन्य किसी सदस्यों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल नही किया। जिससे नीलम मिश्रा को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं अध्यक्ष की सहमति से प्रबन्ध समिति की सदस्य उर्मिला सिंह पत्नी राजेन्द्र सिंह व विजयराज सिंह को पीसीएफ प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत किया गया है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने समिति के सदस्यों के प्रति आभार जताते हुए समिति की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के प्रति संकल्प जताया। निर्वाचन अधिकारी भूमि संरक्षण अधिकारी डा. रमेशचंद्र ने निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा किया। इस मौके पर ज्ञानप्रकाश मिश्र, समिति के सचिव अवनीश कुमार, राजेन्द्र कुमार मिश्र, रामकृपाल यादव, रामसुमेर वर्मा, प्रदीप सिंह, रणवीर सिंह, महेन्द्र शर्मा, संजू मिश्र, ओमप्रकाश, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

मनरेगा से पक्का घाट का निर्माण को लेकर मुख्य विकास अधिकारी पहुंची कालाकांकर

पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह से भी सीडीओ ने की मुलाकात

अखंड भारत संदेश

परियावां/प्रतापगढ़। मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ ईशा प्रिया के अचानक कालाकाकंर राजभवन आने के कार्यक्रम को लेकर बुधवार को ब्लाक मुख्यालय परिसर के अंदर व बाहर सफाई कर्मियों ने साफ सफाई किया। मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया के आगमन को लेकर खण्ड विकास अधिकारी कालाकांकर प्रवीन कुमार श्रीवास्तव ने अपने ग्राम पंचायत सचिव ब्यास कुमार मौर्य, आफताब अहमद, श्रीराम, शशिकान्त सिंह, अनुराग यादव, सुशील जायसवाल व प्रभांशु पांडे रविशंकर सोनकर के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिया।

उसके बाद खण्ड विकास अधिकारी प्रवीन श्रीवास्तव व एडीओ पंचायत संतोष कुमार शुक्ला व ग्राम विकास अधिकारी ब्यास कुमार मौर्य व श्रीराम के साथ कालाकांकर राजभवन पहुंचकर मुख्य विकास अधिकारी के आगमन लेकर राजकुमारी रत्ना सिंह से विचार विमर्श किया जिसमें गंगातट किनारे साफ सफाई कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया का निर्धारित समय 3 बजे की जगह दो घंटे लेट लगभग 5 बजे कालाकांकर राजभवन पहुंची जहाँ राजकुमारी रत्ना सिंह से मुलाकात किया जिसमें मनरेगा के तहत गंगा किनारे पक्का घाट का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने के लिए डीसी मनरेगा इंद्रमणि त्रिपाठी को निर्देश दिया जिसकी लागत एक करोड़ बताई जिस पर मौजूद ग्राम प्रधान कुंवर मनीष सिंह ने सीडीओ से मानिकपुर राजघाट की तर्ज पर कालाकाकर घाट के लिए धन स्वीकृत कराने की अपनी बात रखी गंगातट किनारे पुराने बने गंगा चबूतरा आरती मे बरसात के दौरान बाढ़ आने से दिक्कत को देखते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने गंगातट किनारे संस्कृत पाठशाला के निकट तीन गंगा आरती चबूतरा जल्द बनवाने के लिए डीसी मनरेगा को निर्देश दिया संस्कृत पाढ़शाला के छह बच्चो को प्रतिदिन गंगा आरती कराने के लिए चयनित किया, जिनको प्रशिक्षण के लिये काशी बनारस भेजने के लिए निर्देश दिया। सीडीओ ने राजकुमारी रत्ना सिंह व कुंवर मनीष सिंह के साथ गंगाघाट पर स्नार्थियों के स्नान के लिए मनरेगा से पक्का घाट बनने का निरीक्षण किया। साथ में एनआरएलएम डीसी मनरेगा इंद्रमणि त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

मुख्य विकास अधिकारी को कुंवर मनीष कुमार सिंह सुमित्रानन्द पंत की नक्षत्र शाला भी ले गये जहा सीडीओ ने सिलापट के साथ चारो तरफ बाउंड्री व सीढी के साथ दरवाजा लगाने के साथ जीर्णोद्धार कराने के लिए डीसी को निर्देश दिया जिसकी पर्यटक स्थल के रूप मे पहचान हो सके एक घंटे रुकने के बाद लगभग छह बजे वापस ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर पंहुची जंहाँ बीडीओ प्रवीन श्रीवास्तव से ग्राम पंचायत मे हो रहे मनरेगा से संबंधित कार्यो व गंगा किनारे बसे गांवो के बारे मे जानकारी किया। एसएलडब्लूएम मे चयनित गांव जनवामऊ के कार्यो को सराहना किया और चयनित गांव जनवामऊ व परियावां मे नाली बनवाने का कार्य जल्द शुरू कराने का बीडीओ को निर्देश दिया गंगा किनारे चयनित गांव संग्रामपुर, हिनाहूं मुरस्सापुर व कालाकाकर की समीक्षा किया। आधा घंटे रुकने के बाद वापस मुख्यालय के लिए रवाना हो गई। इस दौरान ब्लाक मे अफरा तफरी मची रही। सीडीओ के जाने के बाद सभी ने राहत की सांस ली और देर शाम होने पर अपने अपने गतव्य को ग्राम

कालाकांकर भवन का भ्रमण करतीं सीडीओ ईशा प्रिया।

बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर के जन्म दिवस पर विविध कार्यक्रमों का होगा आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर के जन्म दिवस 14 अप्रैल 2023 को विधिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। उन्होने बताया है कि प्रातः 6.30 से प्रातः 8 बजे तक स्टेडियम में एथलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन, पूर्वान्ह 10 बजे से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में तथा मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन में बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर के बड़े चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण तथा उनके जीवन दर्शन एवं आधुनिक भारत के निर्माण में योगदान पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार समस्त तहसीलों में तथा समस्त विकास खण्डों में बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर के बड़े चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण तथा उनके जीवन दर्शन एवं आधुनिक भारत के निर्माण में योगदान पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। पूर्वान्ह 11 बजे से मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र अफीम कोठी में बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर के बड़े चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण किया जायेगा, जिला विद्यालय निरीक्षक की अध्यक्षता में राजकीय बालिका इण्टर कालेज में बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर के जीवन दर्शन एवं आधुनिक भारत के निम्रण में योगदान पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन तथा जिला चिकित्सालय में जिलाधिकारी द्वारा मरीजों को फल वितरण किया जायेगा। उन्होने यह भी कहा है कि जो भी कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें उसमें नगर निकाय निर्वाचन-2023 से सम्बन्धित चुनाव आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

वकीलों ने दूसरे दिन भी न्यायिक कामकाज का किया बहिष्कार, सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कानपुर बार एसोशिएसन द्वारा वहां के जिला जज के तबादले की मांग को लेकर यहां लालगंज में तहसील एवं दीवानी के अधिवक्ताओं ने हडताल के समर्थन मे दूसरे दिन गुरूवार को भी न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष लाल विनोद प्रताप सिंह की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर मे जमकर नारेबाजी की।

वहीं संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष लाल विनोद प्रताप सिंह तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष सिविल शैलेन्द्र चतुवेर्दी की अगुवाई में वकीलों ने जिला जज प्रदीप कुमार सिंह को ज्ञापन सौपा और वकीलों की समस्याओं से अवगत कराया। इधर तहसील में एसडीएम के माध्यम से डीएम को संबोधित ज्ञापन भी सौपा गया। ज्ञापन के जरिए अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू कराए जाने की मांग भी उठाई है। वहीं आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएषन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अगुवाई में संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश व महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल के साथ एक प्रतिनिधिमण्डल प्रादेशिक सम्मेलन मे शामिल होने के लिए कानपुर पहुंचा है। विरोध प्रदर्शन का संयोजन संध के सह मंत्री अश्विनी पाण्डेय ने किया। इस मौके पर सिंटू मिश्र, राजेश द्विवेदी, संतोष पाण्डेय, शिवाकांत उपाध्याय, अरूण मिश्र, दिनेश मिश्र, शिवेन्द्र तिवारी, प्रमोद सिंह, सुजीत त्रिपाठी, आशीष तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह, संदीप सिंह, विकास मिश्र, अजय शुक्ल गुडडू आदि मौजूद रहे।

स्वास्थ्य टीम ने ग्रामीणों को टीबी रोग पर किया जागरूक

लालगंज, प्रतापगढ़। इलाके के रानीगंज कैथौला पयागीपुर ग्रामसभा में गुरूवार को क्षय रोग जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एसटीएस संदीप त्रिपाठी, एसटीएलएस बृजेश बहादुर सिंह की टीम द्वारा शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को क्षय रोग से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। स्वास्थ्य टीम द्वारा ग्रामीणों को टीबी रोग के प्रारंभिक लक्षणों खांसी, बुखार, वजन का घटना, सांस फूलना, भूख में कमी आदि की जानकारियां भी दी गयी। वहीं निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी से पीड़ित मरीजो को मिलने वाली पांच सौ रुपए की सहायता राशि योजना के बारे मे भी अवगत कराया गया। इस मौके पर आशा बहुएं, आंगनबाडी कार्यकत्री व ग्रामीण आदि मौजूद रहे।

छह माह से नहीं मिला वेतन मालिक दे रहा है जान से मारने की धमकी

पट्टी, प्रतापगढ़। ट्रांसपोर्ट कंपनी के वाहन को चलाने वाले तीन वाहन चालक को मालिक ने वेतन नहीं दिया तो तीनों एक वाहन पट्टी लेकर चले आए और थाने में वेतन ना मिलने की तहरीर दी है। पट्टी तहसील क्षेत्र के दिलीपपुर थाना क्षेत्र के सरखेलपुर गांव के जुबेर अहमद पुत्र मुमताज अली वसीम खान नसीम व अरशद पुत्र अमानत अली पट्टी कोतवाली में एक शिकायती पत्र दिया और बताया कि सभी एक वाहन मालिक का वाहन चलाते है। जिसके पास सैकड़ों वाहन है उसकी गाड़ी चला रहे थे लेकिन 6 माह से वेतन नहीं दिया। मांगने पर जान से मारने की धमकी देता है। तीनों वाहन लेकर घर चले आए और पट्टी थाने में आकर शिकायती पत्र दिया और मालिक से वेतन दिलाने की मांग की है।

मिलजुलकर तरक्की तथा मुल्क की मजबूती का पैगाम है इफ्तारः प्रमोद तिवारी

रोजा इफ्तार में राज्यसभा सदस्य तिवारी ने गंगा-जमुनी तहजीब पर दिया जोर

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। स्थानीय बाजार स्थित चांदतारा मस्जिद के समीप बुधवार की शाम हुए रोजा इफ्तार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोजेदारों ने शिरकत किया। इफ्तार मे शामिल होने पहुंचे राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने लोगों को रमजान माह में इबादत को लेकर मुबारकबाद भी सौंपी।

वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि रमजान का महीना बरकत तथा नेकी के साथ हमें मिलजुलकर तरक्की तथा मुल्क की मजबूती का भी पैगाम दिया करता है। उन्होंने कहा कि मुल्क में अमन चैन के लिए हमारी सबसे बडी ताकत गंगा जमुनी तहजीब है। प्रमोद तिवारी ने कहा कि इफ्तार हमें एक साथ बैठकर भाईचारे तथा सबको बराबरी का हक देने की भी सीख दिया करता है। श्री तिवारी ने कहा कि देश में जब तक हमारी एक साथ खड़े रहने की यह ताकत बनी रहेगी, यह मुल्क दुनिया को तहजीब का रास्ता बताने वाला सबसे बड़ा वतन भी माना जाएगा। उन्होनें कहा कि रोजेदार को इफ्तार कराना हर एक के लिए परवर दिगार-ए-आलम की तरफ से हर खुशी महफूज हुआ करती है। वहीं इफ्तार में हजरत मौलाना रहमानी मियां तथा संयोजक एबादुर्रहमान तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य महमूद आलम ने प्रमोद तिवारी को इलाकाई खुशी तथा मुल्क की सलामती की दुआ के साथ हाजी रूमाल भेंट की। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अमित सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मो0 शरीफ, नजऊ, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, वहीद खान, व्यापार मण्डल अध्यक्ष उदयशंकर द्विवेदी, डा0 अंजनी कौशल, विकास मिश्रा, डा0 वीरेन्द्र मिश्र, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश आदि रहे।

रोजा इफ्तार कार्यक्रम में मौजूद प्रमोद तिवारी।

महिला व किशोर की करंट की चपेट मे आने से दर्दनाक मौत, किशोरी घायल

रिश्तेदारी मे आया मासूम किशोर की हुई मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश

परियावां/प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र के जनवामऊ पैड़ापुर में गुरुवार की सुबह लगभग साढ़े दस बजे खेत में पानी देखने के लिए जाते समय लोहे के कटीले तार मे लगे बिजली की कटी केबिल मे उतर रहे करेंट की चपेट में आने से एक महिला व एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई और साथ मे किशोरी भी करेंट की चपेट मे आकर झुलस गई। घटना स्थल पर एक साथ हुई दो मौत से चीख पुकार व कोहराम मच गया सभी घटना की तरफ दौड़ पड़े बिजली सप्लाई बन्द करके सभी को करेंट से बाहर निकाला गया और एम्बुलेंस से सी एच सी कालाकांकर भेजा गया।

बताया जाता है कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के पैडापुं जनवामऊ कटीले तार मे करेंट की चपेट में आ गई जिसको बचाने मासूम मोहित पुत्र राम दुलारी पत्नी दिनेश पटेल (45) वर्षीय गुरुवार की सुबह लगभग साढ़े दस बजे अपने खेत मे लगे पानी को देखने जा रही थी कि खेत के मेड पर लगे लोहे के कटीले तार पर रखी बिजली की केबिल किसी जगह कटी थी जिससे कटीले तार मे उतर रहा था जिसकी जानकारी किसी को नही थी जब खेत मे पानी देखने के लिए राम दुलारी कटीले तार को ऊपर उठाकर खेत के अंदर जाना चाहा तो रामदुलारी करेंट की चपेट में आ गई जिसको बचाने मासूम मोहित पुत्र राम दुलारी पत्नी दिनेश पटेल व रिश्तेदारी मे आया मासूम किशोर मोहित पटेल को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना स्थल पर पहुंचकर ग्राम प्रधान राम खेलवान पटेल सभी को लेकर अस्पताल पहुँचे। एक साथ हुई दो मौतो से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही बिजली की केबिल पड़ोसी गांव लाला का पुरवा के मुन्ना पटेल की टियूब बेल की बताई जा रही है इसी ट्यूब बेल से खेत मे पानी लगा था। बिजली की सप्लाई बन्द कराकर सभी को अचेत अवस्था मे सीएचसी कालाकांकर एम्बुलेंस से ले गये जहा चिकित्सको ने राम दुलारी पत्नी दिनेश पटेल व रिश्तेदारी मे आया मासूम किशोर मोहित पटेल को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना स्थल पर पहुंचकर ग्राम प्रधान राम खेलवान पटेल सभी को लेकर अस्पताल पहुँचे। एक साथ हुई दो मौतो से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही भाजपा कुसुवापुर मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा भी अस्पताल पहुँचे और घटना की जानकारी क्षेत्रीय कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर व भाजपा पूर्व बाबागंज प्रत्याशी पवन गौतम को अवगत कराया। अस्पताल पहुँची नवाबगंज पुलिस ने दोनो शवो की लिखा पढ़ी करके पंचनामा करके पीएम को जिला मुख्यालय भेजा। एक साथ करेंट से हुई दो मौतो से गांव मे सन्नाटा छा गया। गंभीर रूप से घायल सविता पुत्री राम कृपाल का उपचार चल रहा है जो खतरे से बाहर है। इस बाबत थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी ने बताया कि परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नही मिली है शव को पीएम के लिए भेजा गया। तहरीर मिलने पर विधिक कारवाई की जाएगी।

मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु सन्त एन्थोनी इण्टर कालेज को किया गया अधिग्रहीत

मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु अधिकारियों को किया गया नामित

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण 19 एवं 20 अप्रैल तथा द्वितीय प्रशिक्षण 28 एवं 29 अप्रैल 2023 को सन्त एन्थोनी इण्टर कालेज में कराया जाना है। सन्त एन्थोनी इण्टर कालेज को निर्धारित अवधि के लिये अधिग्रहीत किया गया है।

मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को नामित कर दिया है। उन्होने प्रशिक्षण स्थल पर चिकित्सक की टीम के साथ आवश्यक दवाओं सहित कोविड हेल्प डेस्क एवं एम्बुलेन्स आदि की व्यवस्था हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी को, प्रशिक्षण स्थल पर मोबाइल टॉयलेट वैन, पानी का टैंकर, साफ-सफाई एवं डस्ट बिन आदि की पर्याप्त व्यवस्था हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा को, प्रशिक्षण स्थल पर जनरेटर हेतु ईधन आदि की समुचित व्यवस्था हेतु जिला पूर्ति अधिकारी को, प्रशिक्षण स्थल पर मतदान कार्मिकों हेतु पेयजल की समुचित व्यवस्था हेतु पानी के टैंकर की उपलब्धता हेतु अधिशासी अभियन्ता जल निगम को तथा मास्टर ट्रेनर के माध्यम से मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण सुनिश्चित कराये जाने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, आचार्य क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी सदर को नामित किया है।

कटरा रोड पर विकास भवन तक हटाया गया अतिक्रमण

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल के निर्देष पर सड़क के किनारे गिट्टी, बालू, रेता, सीमेंट का व्यवसाय करने वाले के विरुद्ध आज नगर पालिका ने कटरा रोड पर शैल श्याम पैलेस से लेकर विकास भवन तक अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया तथा चेतावनी दी कि सड़क के किनारे यदि अतिक्रमण किया तो सामान भी जब्त होगा और जुमार्ना भी लगेगा।

बता दें कि शासन ने एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक पूरे प्रदेष में सड़क के किनारे के अतिक्रमण हटवाने का निर्देष पुलिस, आरटीओ व नगर पालिका को दिया है। इसी क्रम में आज गुरुवार को सुबह ही नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील के निर्देष पर नगर पालिका के आरआई लाल बहादुर सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, प्रषांत सिंह आदि ने जेसीबी टैज्क्टर और डम्पर लेकर कटरा रोड पर पहुंचे और एक ट्राली गिट्टी व एक ट्राली बालू को जब्त करते हुए सभी दुकानदारों को चेतावनी दी कि सड़क के किनारे अतिक्रमण को हटा लें अन्यथा उनका सामान तो जब्त होगा ही, जुमार्ना भी उन पर लगाया जाएगा।

डम्फर से सड़क पर बिखरे बालू को उठावे नपा कर्मी

एक ट्रैक्टर गिट्टी व एक टैज्क्टर बालू को नपा ने किया जब्त

अध्यक्ष पद के लिए दो व सभासद के लिए बिके तेईस नामांकन पत्र

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर पंचायत के चुनाव में तीसरे दिन गुरूवार को अध्यक्ष पद पर दो व सभासद पद पर तेईस संभावित उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदा। वहीं सभासद पद के लिए एक महिला प्रत्याशी साधना पत्नी रामसजीवन वार्ड नंबर दस ने नामांकन पत्र भरकर जमा किया। वहीं कडी सुरक्षा में चल रहे नामांकन पत्रो की बिक्री के दौरान तहसील परिसर मे गहमागहमी का माहौल भी बना दिखा। एसडीएम उदयभान सिंह तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने प्रशासनिक प्रबन्धों का जायजा लिया। अध्यक्ष पद के लिए वार्ड नंबर सत्रह से गीता पत्नी बैजनाथ तथा वार्ड नंबर आठ से संध्या पत्नी संजय ने नामांकन पत्र खरीदा। नामांकन पत्रों की बिक्री के लिए तहसील परिसर में समर्थकों का जमावड़ा भी बना दिखा। वहीं तहसील गेट से लेकर नामांकन पत्र कार्यालय तक पुलिस की मुस्तैदी भी बनी दिखी

चीफ प्लानिंग ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट आफीसर ने प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। लखनऊ से आए रेलवे के चीफ प्लानिंग ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट आफीसर समीर कुमार ने गुरुवार को प्रतापगढ़ रेलवे स्टेषन पहुंचकर निरीक्षण किया। वह सबसे पहले केबिनों में जाकर वहां की स्थिति का निरीक्षण किया। इसके बाद स्टेषन अधीक्षक कार्यालय में आकर वहां अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। बता दें कि प्रतापगढ़ से रायबरेली तक डबल लाइन बन जाने के बाद टेज्नों के संचालन में आ रही दिक्कतों के सम्बन्ध में भी जानकारी ली। उक्त ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट आफीसर का कोच गुरुवार को सुबह पदमावत एक्सप्रेस में लगकर आया था। गुरुवार को दिन में उन्होंने प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन का विधिवत निरीक्षण किया और शाम को पदमावत एक्सप्रेस में ही फिर उनका कोच लगा था

रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते मैनेजमेंट आफीसर।

खबर संक्षेप

सकिपा मनाएगी बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल शुक्रवार को पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में मनाई जाएगी, उक्त जानकारी पार्टी नेता अजय सोनी ने दी है।

वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त राहुल पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी सल्लाह थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा दो वारंटी अभियुक्तों सुनील सिंह पुत्र राम प्रकास सिंह रोहित सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासीगण पन्ना का पुरवा थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही का अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

स्कूटी सवार पेड़ से टकराए दो की हुई मौत एक लहूलुहान

अखंड भारत संदेश

करारी कौशाम्बी। करारी थाना क्षेत्र के पिंडरा के पास बुधवार की रात्रि स्कूटी सवार तीन युवक पेड़ से टकरा गए हैं हादसा इतना तेज था कि स्कूटी सवार दो युवकों की घटनास्थल पर मौत हो गई है और तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल है हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे हैं मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे में घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है मामले की जानकारी कागजात के आधार पर उनके परिजनों को दी गई है हादसे की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन करारी थाने पहुंच गए हैं

पोस्टमार्टम हाउस से शव पहुंचते ही सराय अकिल कस्बे में मचा कोहराम

प्रिंस केसरवानी पुत्र मनोज केसरवानी जी

किशन सोनी पुत्र अशोक सोनी जी

मृतक युवक सराय अकिल कस्बे के रहने वाले बताए जाते हैं बताया जाता है कि किसी तेज वाहन ने स्कूटी सवार को पीछे से टक्कर मारी है जिससे स्कूटी सवार पेड़ से टकरा गए है। घटनाक्रम के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के नगर पंचायत सराय अकिल फकिराबाद निवासी प्रिंस केसरवानी उम्र 18 वर्ष पुत्र मनोज केसरवानी अपने साथी किसन वर्मा पुत्र अशोक वर्मा निवासी महेश नगर सराय अकिल और अस्मित रस्तोगी पुत्र लल्ली रस्तोगी निवासी सराय अकिल के साथ बुधवार को स्कूटी से करारी कस्बे की ओर गए थे बुधवार की देर रात स्कूटी सवार तीनों युवक वापस सराय अकिल जा रहे थे जैसे ही स्कूटी सवार तीनों युवक करारी थाना क्षेत्र के पिंडरा चौराहा के समीप पहुंचे कि तेज रफ्तार ट्रक को बचाने के चक्कर में स्कूटी सवार पेड़ से टकरा गए हैं चचाओं पर जाएं तो ट्रक ने स्कूटी सवार को पीछे से टक्कर मार दी है टक्कर लगते ही स्कूटी सवार तीनों युवक पेड़ से टकराकर सड़क पर गिर पड़े और तड़पने लगे घटनास्थल पर स्कूटी सवार प्रिंस केशरवानी एवं किसन वर्मा की तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई और अस्मित रस्तोगी गंभीर रूप से घायल है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के तमाम ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे हैं मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची है और मृतक दोनों युवकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे में घायल युवक को इलाज के लिए पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है मृतक युवक के जेब में मिले कागजात के आधार पर पुलिस ने उनके परिजनों को फोन से सूचना दी है हादसे की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन करारी थाना पहुंच गए हैं गुरुवार को पोस्टमार्टम से शव वापस सराय अकिल पहुंचते ही पूरे कस्बे में कोहराम मच गया है कस्बे की तमाम दुकानें लोगों ने बंद कर दी है अंतिम संस्कार के वक्त कस्बे के लोगो का हुजूम उमड़ पड़ा है और अंतिम यात्रा में शामिल प्रत्येक व्यक्ति के आंखें अश्रुपूरित थी।

युवक का खोया मोबाइल दरोगा ने किया वापस

खोया मोबाइल पाकर युवक का चेहरा खिला दरोगा को दिया धन्यवाद

कौशांबी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के बडहरी गांव निवासी पंकज कुमार पुत्र विजय कुमार वर्तमान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि है। बीते दिनों पंकज ग्राम विकास के कार्यों के सिलसिले से पुलिस लाइन के पास एक बैठक में गए थे उसी दौरान उसका वीवो का मोबाइल कहीं गिर गया था। उसी मोबाइल को करारी थाने में उपनिरीक्षक पद पर तैनात विश्वनाथ पाल की मां पा गई थी। मां मोबाइल को लेकर घर ले गई और अपने बेटे से बताया। बेटे विश्वनाथ पाल ने खोए हुए मोबाइल के मालिक का पता कर उसको फोन किया और थाने बुलाया। उपनिरीक्षक विश्वनाथ पाल ने पंकज को उसका मोबाइल सुपुर्द कर दिया। दरोगा के इस कार्य की जहां लोग सराहना कर रहे हैं तो वहीं इंस्पेक्टर गणेश प्रसाद सिंह ने दरोगा के इस सराहनीय ईमानदारी कार्य की बधाई दिया है। वहीं मोबाइल पाकर पंकज का चेहरा खुशी से झूम उठा और दरोगा सहित उनकी मां को धन्यवाद दिया है।

न्यूज झरोखा

क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले फाउंडेशन ने किया निः शुल्क कोचिंग सेंटर का हुआ आयोजन

कौशाम्बी। क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले फाउंडेशन कौशाम्बी द्वारा संचालित निः शुल्क कोचिंग सेंटर का आयोजन हुआ। महान समाज सुधारक ज्योतिबा राव फुले जी की जन्म जयंती पर छाया चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया गया। इस मौके पर संस्था के अध्यापक एवं अध्यापिका व बच्चे उपस्थित रहे। इस अवसर पर बच्चों को आईकार्ड तथा कापी व पेन का वितरण किया गया। बच्चों में शिक्षा के साथ - साथ बहुजन समाज में जन्में महापुरषों की जानकारी के प्रति ललक साफ तौर पर दिखाई पड़ी। संस्था के संस्थापक दीपक सिंह मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। निःशुल्क कोचिंग क्लास देने में महत्व पूर्ण योगदान देने के लिए शिक्षक - शिक्षिकाओं का तहे दिल से आभार प्रकट किया जो इस मिशन के तहत बच्चों को निः स्वार्थ भाव से बेहतर शिक्षा देने का कार्य कर रहे हैं। संस्था के संस्थापक सदस्य दीपक सिंह मौर्य का विशेष प्रकार से आभार प्रकट किया गया। दीपक सिंह मौर्य के नेतृव में निः शुल्क कोचिंग क्लास का संचालन किया जा रहा है। इस मौके पर अनिल कुशवाहा, शिवभवन कुशवाहा, निशान मौर्य, माधुरी मौर्य, ज्ञान सिंह कुशवाहा, ग्राम प्रधान मुन्ना कुमार, इंदू लाल केसरवानी, रामू कुमार, अरुण यादव, राजगृह सिंह, कमलेश पटेल, बब्लू यादव, अक्षय बर सिंह, अजीत यादव, सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

अध्यक्ष पवन कुमार तो उपाध्यक्ष बने पुष्पराज निर्विरोध चुने गए

कौशांबी। जिलें के क्रय विक्रय सहकारी समितियों का चुनाव संपन्न हुआ। कड़ा ब्लॉक के अजुहा नगर पंचायत के क्रय विक्रय समिति का मंडी समिति परिसर में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर केवल एक एक नामांकन होने के कारण निर्विरोध निर्वाचन हुआ। मंडी समिति परिसर में चुनाव अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारी आफताब आलम की अगुवाई में क्रय विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष उपाध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई। एक दिन पूर्व हुए सदस्यों के चुनाव में एक पैनल के सभी उम्मीदवार हार गए थे। इस कारण निर्धारित अवधि तक अध्यक्ष पद के लिए पवन कुमार व उपाध्यक्ष पद के लिए पुष्पराज सिंह का नामांकन हुआ। दोपहर 12.30 बजे के बाद चुनाव अधिकारी ने पवन कुमार सिंह को अध्यक्ष व पुष्पराज सिंह को निर्वाचित घोषित किया। वहीं अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने जाने पर समर्थकों ने फूल-मालाओं से लाद दिया। वही इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह उर्फ रामू भैया, पूर्व क्रय विक्रय अध्यक्ष व जनपद के उद्योगपति आनंद सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, पूर्व प्रधान राबेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ बब्बू सिंह, रविशंकर गौतम महेंद्र कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

बीएससी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई संपन्न

कौशाम्बी। भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद कौशांबी द्वारा प्रादेशिक मुख्यालय के अनुपालन में 13 अप्रैल 2023 को श्री दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा मंझनपुर कौशांबी में बीएसजी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता जिला मुख्यायुक्त/ जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानंद के निर्देशन में हुई। केंद्र व्यवस्थापक जिला कमिश्नर स्काउट/ प्रधानाचार्य श्री दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओस मंझनपुर तथा जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्याम बाबू यादव के संचालन में हुई। प्रतियोगिता में कब/ बुलबुल, स्काउट /गाइड ,रोवर/ रेंजर 6 संवर्ग में हुई जिसमें पंजीकृत प्रतिभागी 242 में से 211 प्रतिभागियों ने परीक्षा दी जबकि 31 प्रतिभागी अनुपस्थित रहे प्रत्येक संवर्ग से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान आने वाले 18 प्रतिभागी को प्रदेश स्तर के प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे। प्रतियोगिता आयोजन कराने में जिला खेल सचिव श्यामलाल, जिला स्काउट मास्टर अभय सिंह, ट्रेनिंग काउंसलर गाइड वंदना कुशवाहा,गाइड कैप्टन खुशबू, छोटेलाल, स्काउट मास्टर रामदास आदि का विशेष सहयोग रहा

आशुलिपिक, पेशकार एवं चपरासी के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमन्त्रित

कौशाम्बी। स्थायी लोक अदालत कौशाम्बी में जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण में से ऐसे कर्मचारीगण, जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण नहीं हुई हो, वे आशुलिपिक के रिक्त एक पद, पेशकार के रिक्त एक पद एवं चपरासी के रिक्त एक पद पर अनुबन्ध के आधार पर सम्बद्धीकरण किया जाना है। यह सम्बद्धीकरण पूर्णतयः अस्थायी तथा अधिकतम 02 वर्ष के लिए एक निर्धारित मानदेय पर होगा आशुलिपिक एवं पेशकार पद के लिए मानदेय रुपए 9000 प्रतिमाह एवं चपरासी पद के लिए मानदेय रुपए 7000 प्रतिमाह निर्धारित है इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 10 दिन तक कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में अपना आवेदन जमा कर सकतें हैं।

नगर निकाय चुनाव में नामांकन के तीसरे दिन 02 अध्यक्ष और 09 सदस्यो ने किया नामांकन, अब तक जिले में बिके कुल 1360 नामांकन पत्र

कौशाम्बी। नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारी कर रखी है,नामांकन के तीसरे दिन नगर पालिका अध्यक्ष के लिए एक ने नामांकन दाखिल किया और नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए एक प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया है ,वही सदस्य पद के लिए 09 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। तीनों तहसील क्षेत्र में प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की भीड़ लगी रही। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के नगर पालिका मंझनपुर के लिए अध्यक्ष पद के लिए एक नामांकन दाखिल किया गया और अध्यक्ष पद के लिए अब तक 34 और सदस्य पद के लिए 229 नामांकन पत्र खरीदे गए है, करारी नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए अब तक 20 और सदस्य पद के लिए 54 नामांकन पत्र खरीदे गए है,और सदस्य पद पर एक प्रत्याशी ने नामांकन किया है ।नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा के अध्यक्ष पद के लिए अब तक 12 और सदस्य पद के लिए 119 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे है और सदस्य पद पर एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। चायल तहसील क्षेत्र के भरवारी नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए अब तक कुल 29 और सदस्य पद के लिए 231 नामांकन पत्र खरीदे गए है,चायल नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए अब तक कुल 21 और सदस्य पद के लिए 44 नामांकन पत्र खरीदे गए हैं,वही चरवा नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए अब तक 36 और सदस्य पद के लिए 120 नामांकन पत्र खरीदे गए हैं,सराय अकिल नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए अब तक 35 और सदस्य पद के लिए 50 नामांकन पत्र खरीदे गए हैं। सिराथू तहसील क्षेत्र के सिराथू नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए अब तक कुल 09 और सदस्य पद के लिए 66 नामांकन पत्र खरीदे गए हैं,वही अझुवा नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए अब तक कुल 26 और सदस्य पद के लिए 64 नामांकन पत्र खरीदे गए हैं ।वही कड़ा धाम नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए अब तक कुल 31 और सदस्य पद के लिए 130 नामांकन पत्र खरीदे गए हैं।

बैंक चालान जमा करने में परेशान हो रहे हैं नगर निकाय के संभावित प्रत्याशी

ओसा कौशाम्बी। नगर निकाय के अध्यक्ष और सभासद पद के लिए नामांकन पत्र भरने के लिए बैंक चालान जमा करने वालों की भीड़ बुधवार को एसबीआई मंझनपुर में उमड़ पड़ी जमा निकासी काउंटर पर ही चालान जमा करने की लंबी लाइन होने से चालान जमा करने पहुंचे लोगों ने हंगामा किया जिसके बाद पहुची पुलिस ने बाहर खड़े लोगों को हटाया। नगर निकाय चुनाव में जमानत राशि ट्रेजरी चालान के माध्यम से जमा किया जा रहा है। जिले में एसबीआई की मंझनपुर, शाखा में चालान जमा करने की व्यवस्था की गई है। गुरुवार को तहसीलों से बड़ी संख्या में लोग चालान जमा करने के लिए एसबीआई की मुख्य शाखा पहुंच गए। चालान जमा करने के लिए काउंटर पर लंबी लाइन लग गई और अव्यवस्था फैलने लगी। यह देखकर चालान जमा करने आए लोग हंगामा करने लगे। लोगों का आक्रोश देखकर शाखा प्रबंधक ने पुलिस बल बुलाया पहुची पुलिस ने लोगों को शांत कराया व लाइन सही कराया लेकिन पुलिस के हटते ही फिर हंगामा होने लगा। अध्यक्ष और सभासद पद के लिए नामांकन करने वाले प्रत्याशियों को एसबीआई में ही चालान जमा करना होगा। चुनाव आयोग ने ऑनलाइन ई-चालान और नामांकन स्थल पर कैश चालान जमा करने की व्यवस्था नहीं प्रदान की है। फिलहाल जिला प्रशासन अंतिम दिन नामांकन स्थल पर कैश चालान जमा करने की व्यवस्था दे सकता है, मगर अभी इस पर विचार प्रस्तावित है। जिससे नगर निकाय चुनाव लड़ने के प्रत्याशियों को मुसीबत से जूझना पड़ रहा है।

बालक की हत्या में महिला को आजीवन कारावास की सजा

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र में 3 वर्षों पूर्व बालक की हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने महिला पर मुकदमा दर्ज कर उसके विरुद्ध अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था मुकदमे की सुनवाई के दौरान महिला को बालक की हत्या का दोषी पाते हुए अदालत ने महिला को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है महिला पर अदालत ने 15 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। थाना पिपरी अंतर्गत 05.02.2020 को वादी सूरजदीन पासी पुत्र स्व0 सोमेश्वर पासी निवासी गिरिया खालसा थाना पिपरी द्वारा सूचना दी गयी कि उनके 06 वर्षीय नाति की हत्या कर दी गयी है। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट से गला घोटकर हत्या करने की बात प्रकाश में आयी,

हत्या की दोषी महिला

जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्ता मिनता देवी पत्नी चन्दन पासी निवासी गिरिया खालसा थाना पिपरी को न्यायालय एडीजे एफटीसी 01 द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आजीवन कारावास तथा 15 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

पति पर एसिड अटैक करने वाली महिला और उसके दो साथियो को 20-20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में 4 वर्ष पूर्व हनुमत कुशवाहा पर एसिड अटैक हुआ था मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए हनुमत की पत्नी और महिला के दो साथियों को दोषी पाते हुए महिला और उसके दोनों साथियों के विरुद्ध अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था मुकदमे की सुनवाई करते हुए अदालत ने महिला और उसके दोनों साथियों को दोषी पाया और महिला समेत दोनों अन्य अभियुक्तों को 20-20 वर्ष कठोर कारावास की सजा अदालत ने सुनाई है। थाना मंझनपुर अंतर्गत 08.12.2018 को हनुमत कुशवाहा निवासी डायट मौदान कालोनी थाना मंझनपुर के चेहरे पर एसिड फेंकने के सम्बन्ध में थाना मंझनपुर पर मुकदमा पंजीकृत कर तीन अभियुक्तों उमा शंकर उर्फ लोहा दूबे पुत्र शिवपूजन दूबे अनिक सिंह उर्फ जन्मेजय उर्फ मेजर पुत्र जय नारायण निवासीगण म्योहर थाना करारी व गीता देवी पत्नी हनुमत कुशवाहा निवासी सचवारा थाना करारी को न्यायालय एडीजे-05 द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 20-20 वर्ष सश्रम कारावास तथा 50-50 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 02-02 वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी।

विवाहिता की मौत पर मां-बेटे को मिली सात-सात वर्ष की कठोर कारावास की सजा

कौशाम्बी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में 4 वर्षों पूर्व दहेज की प्रताड़ना से प्रताड़ित एक विवाहिता ने आत्महत्या कर लिया था मामले में थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया मुकदमे की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आरोपियों को दोषी पाया और मां बेटे दोनों को सात सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है दोनों दोषियों पर पुलिस ने सोलह सोलह हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है अर्थदंड अदा न करने पर नौ नौ महीने अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। थाना पश्चिम अंतर्गत 15.10.2018 को वादी दया प्रसाद पुत्र सिताब निवासी रसूलपुर थाना कौशाम्बी द्वारा सूचना दी गयी कि ससुरालीजनों द्वारा बादी की बहन को

दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे, जिससे क्षुब्ध होकर पीड़िता द्वारा फासी लगा ली गयी है। जिसके सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत कर दो अभियुक्तों सोनू पुत्र स्व0 रमेश सरोज चुन्नी देवी पत्नी स्व0 रमेश सरोज निवासीगण धवाड़ा थाना पश्चिम शरीरा को न्यायालय एडीजे/ एफटीसी-01 द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 07-07 वर्ष सश्रम कारावास तथा 16-16 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 09-09 माह के अतरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी।

निरोधात्मक कार्यवाही मे 09 अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से तीन थाना पश्चिम शरीरा से चार, थाना कौशाम्बी से एक थाना संदीपनघाट से एक कुल नौ अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा गस्त वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त केशन पुत्र स्व0 चन्द्रपाल निवासी दौलतपुर कसार थाना कड़ाधाम को मामाशाही रोड दौलतपुर के पास से 01 अदद समचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

गांजा के साथ गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त मो० नौसाद पुत्र मो० सरीफ निवासी सवारा मिठेपुर थाना सैनी को 1150 ग्राम नाजायज गांजा के साथ सयारा रेलवे ब्रिज के पास से गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

चेकिंग के दौरान कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 115 वाहनों का ई-चालान किया गया।

विकराल आग ने 8 घरों को जलाकर किया खाक

विलम्ब से पहुँचा प्रशासनिक अमला, ग्रामीणों में आक्रोश, अग्निकांड की घटना के बाद दाने-दाने को मोहताज हुए पीड़ित परिवार

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के सिपाह ग्राम पंचायत के मजरा रौजापर में गुरुवार की दोपहर लगभग 1:00 बजे विधुत शॉर्ट सर्किट होने की वजह से कई घरों में आग लग गई देखते देखते आग ने विकराल रूप ले लिया आग की विकरालता देखकर ग्रामीण भयभीत हो गए और आग बुझाने में लग गए मामले की सूचना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को भी दी गयी लेकिन मौके पर अग्निशमन यंत्र समय से नहीं पहुंच सका ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया इस अग्निकांड की घटना में 8 घरों की गृहस्थी पूरी तरह से जलकर खाक हो गई आग का रूप इतना विकराल था कि जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाती तब तक गृहस्थी पूरी तरह से जलकर खाक हो गई थी। वही गरीबों के आशियाने

आग बुझाने का प्रयास करते ग्रामीण

जलने के साथ-साथ दो वक्त की रोटी के लिए रखा हुआ घर में अनाज चावल गेहूं पूरी तरह से जलकर खाक हो गया जिस वजह से उन्हें खाने के लिए कुछ भी सामान उपलब्ध नहीं है। वही बात करें प्रशासन की तरफ से मदद मुहैया कराए जाने की तो 1:00 बजे यह घटना हुई जिसके बाद पीड़ितों के बच्चे भूखे बिलखते रहे और उनके लिए प्रशासन की तरफ से देर शाम तक खाने का कोई इंतजाम नहीं किया गया। वही सूचना पर मौके पर पहुंचे कानून गो लेखपाल और ग्राम प्रधान ने मुआयना करते हुए मदद करने का आश्वासन दिया है। किंतु घटना के तकरीबन 5 घंटे बाद 6:00 बजे शाम को मौके पर पहुंचे एसडीएम सिराथू से जब घटना की जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया अग्निकांड की घटना के बाद सत्ता और विपक्ष के जनप्रतिनिधियों ने भी गरीबों की मदद के लिए अभी तक हाथ नहीं बढ़ाया है।

दबंगों ने मां-बेटी को पीटा

कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के बरियावां गांव में महिला की निजी जमीन पर बनाए गए रास्ते में दबंगों ने जबरिया दरवाजा लगा कर आना जाना शुरू कर दिया इस बात का विरोध महिला ने किया जिससे बौखलाए दबंगों ने 4 दिन पहले महिला को बेरहमी से पीटा था लेकिन इतने में भी दबंगों का आक्रोश कम नहीं हुआ और गुरुवार की सुबह महिला के घर में दबंग घुस गए अकेली बेटी को देखकर दबंगों ने उसे बेरहमी से पीटा है जिससे महिला की बेटी को भी चोटें आई है मामले की सूचना पूर्व में महिला ने स्थानीय चौकी पुलिस को दिया था लेकिन पूर्व की घटना में कार्यवाही नहीं हुई थी लिहाजा दोबारा उसने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के बरियावा गांव निवासी रामकली प्रजापति पत्नी मसूरी दीन को पारिवारिक बंटवारे में पीछे हिस्से की जमीन मिली है और उसे आने जाने के लिए रास्ता दिया गया है आगे के हिस्से में उसके परिवार को मुकेश आदि को जमीन दी गई है लेकिन कुछ दिन पहले मुकेश आदि ने रामकली देवी के हिस्से की निजी जमीन के रास्ते में जबरिया दरवाजा लगा लिया जिसका रामकली ने विरोध किया जिससे बौखलाए मुकेश और उसके परिजनों ने 9 अप्रैल को महिला रामकली देवी के घर में घुसकर उस को बेरहमी से पीटा था 4 दिन बाद फिर गुरुवार को महिला के घर दबंग घुस गए और उसकी बेटी आशा घर पर अकेले मौजूद थी उसे बेरहमी से पीटा जिससे उसे चोटें आई हैं मां बेटी दोनों पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची है और शिकायती प्रार्थना पत्र देकर दबंगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है।

शराब के साथ दस अभियुक्त हुए गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल दस अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 139 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरूद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त चौबे पासी पुत्र गिरधारी लाल निवासी मलिकपुर थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब व जितेन्द्र कुमार पुत्र केशव लाल निवासी गौरा नेता नगर भरवारी थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्तों का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त शिवबाबू निषाद पुत्र खुरखुर निषाद निवासी क्योटरा मजरा जाजापुर थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अंगद भारतीय पुत्र स्व0 धर्मवीर निवासी कटहुला गौसपुर थाना पिपरी को गिरफ्तार कर कब्जे से 18 लीटर अवैध शराब व अनिल पुत्र चन्द्रपाल निवासी चायल थाना पिपरी को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राकेश कुमार पुत्र बच्चू लाल निवासी गोविन्दपुर गोरियो सयारा थाना सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से 19 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त लालता प्रसाद पासी पुत्र प्रान पासी निवासी खरका पर मजरा घुमाई थाना सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना चरवा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सुरेश कुमार पुत्र स्व० देशराज निवासी अर्का फतेहपुर थाना करारी को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रामचन्द्र पुत्र श्रीनाथ निवासी कोडर दक्षिण थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब व नागेन्द्र कुमार पुत्र भइयालाल निवासी फतेहपुर बेला थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 17 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

जन संपादकीय

कोरोना को हल्के में ना लें

समूची दुनिया में यह माना जा चुका है कि कोरोना से बचाव के लिए कोरोना प्रोटोकाल की पालना एक कारगर माध्यम है। आज हम मास्क पहनना भूल गए हैं तो सैनेटाइजर का उपयोग भी लगभग बंद ही हो गया है। इसी तरह से दो गज की दूरी की बात भी इन दिनों तो बेमानी हो चुकी है। कोरोना की दहशत ने एक बार फिर कोरोना प्रोटोकाल की पालना के प्रति गंभीर होने के लिए चेता दिया है। ऐसे में कोरोना प्रोटोकाल को लागू करने या लोगों को पालना के प्रति सचेत करने का समय आ गया है। यह इसलिए भी जरूरी हो गया है कि देश में कोरोना प्रोटोकाल की पालना लगभग नहीं की स्थिति में पहुंच गई है तो लोगों की गंभीरता भी नहीं रही है। देश में एक तरफ जहां दिन प्रतिदिन कोरोना के मामलों में उछाल आता जा रहा हैं वहीं कोरोना प्रोटोकाल की पालना करीब करीब समाप्त हो चुकी है। पिछले दिनों में औसतन प्रतिदिन देश में पांच हजार से अधिक कोरोना पोजिटिव मरीज आ रहे हैं और कोरोना के कारण भले ही कम हो, पर मौत के मामले भी आने लगे हैं। एक सप्ताह में ही कोरोना के कारण 68 मौत के समाचार हैं। हालांकि केन्द्र व राज्य सरकारें सजग तो होने लगी हैं व 10 और 11 अप्रैल को समूचे देश में दो दिन की मॉक ड्रिल कर कोरोना से निपटने की तैयारियों या यों कहें कि दवाओं व संसाधनों की उपलब्धता को जांचा परखा जा सके। पर जिस तरह से देश के पांच राज्यों में कोरोना मामलों की बढ़ोतरी ने चिंता में डाल दिया है उसे देखते हुए सतर्कता और सजगता जरूरी हो गयी है। लगभग समूची दुनिया में यह माना जा चुका है कि कोरोना से बचाव के लिए कोरोना प्रोटोकाल की पालना एक कारगर माध्यम है। आज हम मास्क पहनना भूल गए हैं तो सैनेटाइजर का उपयोग भी लगभग बंद ही हो गया है। इसी तरह से दो गज की दूरी की बात भी इन दिनों तो बेमानी हो चुकी है। मास्क के उपयोग को लेकर पिछले दिनों लोकल सर्कल द्वारा कराए गए सर्वे ने तो चिंता में ही डाल दिया है। सर्वे में सामने आया है कि केवल और केवल 6 प्रतिशत लोग ही मास्क के प्रति थोड़े गंभीर दिख रहे हैं। यानी की 6 प्रतिशत लोग ही मास्क का उपयोग कर रहे हैं। हालात तो यह हैं कि कोरोना तो दूर वायरस जनित बीमारियों के फैलाव के बावजूद देश के किसी भी क्षेत्र के किसी भी अस्पताल में चल जाएं कोई इक्के दुक्के लोग ही मास्क लगाए हुए दिखाई देते हैं। यह तो अस्पतालों के हालात हैं जहां बीमार या उनके तीमारदार ही जाते हैं। ऐसे में यह अपने आप में गंभीर हो जाता है। बाजार, सार्वजनिक परिवहन साधनों, मॉल्स, सिनेमागृहों, राजनीतिक रैलियों, धार्मिक स्थलों आदि पर खोजने से भी मास्क लगाए कोई लोग नहीं दिखते हैं। ऐसे में कोरोना संक्रमण के नए मामलों के आना चिंता का सबब बन ही जाता है। खासतौर से केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा और तमिलनाडु में जिस तरह से कोरोना संक्रमण का अधिक फैलाव देखा जा रहा है यह चिंतनीय है। दरअसल कोरोना काल के अनुभव आज भी रूह कंपा देने के लिए काफी है। लंबा लॉकडाउन, सब कुछ बंद, प्रवासी श्रमिकों की हाईवे पर रेला, वेंटिलेटरों और ऑक्सिजन बेड की तलाश में भटकते लोगों और कोरोना संक्रमण से मौत के ग्रास बनते लोगों के चित्र आंखों के समाने घूमने लगते हैं तो सिहर जाते हैं। दवाओं की कमी, दवाओं की अनुपलब्धता और ऑक्सीजन की कमी को भूले नहीं हैं। ऐसे में कोरोना काल के अनुभवों को देखते हुए इन दिनों बढ़ते कोरोना संक्रमण को हल्के से लेने की भूल नहीं करनी होगी। सरकार को जनहित में जहां जागरूकता अभियान तो चला ही देना ही चाहिए वहीं सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने की अनिवार्यता सख्ती से लागू करने की पहल कर देनी चाहिए। खासतौर से चिकित्सालयों में तो सख्ती से पालना होनी ही चाहिए। इसी तरह से सार्वजनिक स्थानों पर सैनेटाइजर के डिस्पेंसर लगा दिए जाएं तो सरकार के लिए यह कोई महंगा सौदा नहीं होगा। सरकार ही क्यों स्वयं सेवी संस्थाओं और दानदाताओं को भी आगे आकर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सचेत करने का समय आ गया है। केवल सरकार के भरोसे नहीं रहकर सभी सजग लोगों और संस्थाओं को आगे आना चाहिए। यह नहीं भूलना चाहिए कि इन साधनों के उपयोग पर होने वाले खर्च से कई गुणा नुकसान हम लोग व सरकार लॉकडाउन और अन्य कार्यों पर भुगतते रही हैं। सबकुछ बंद हो उससे बेहतर सुरक्षा साधनों के प्रति जागरूकता और सुविधाएं उपलब्ध कराने से अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। उद्यमियों को भी आगे आना चाहिए और अपने पास से नहीं अपितु सीएसआर के तहत उपलब्ध राशि से ही इस तरह के कार्यक्रमों का संचालन किया जता है तो यह अच्छी पहल मानी जा सकती है। कोरोना में हमने अपने या अपनों में से लोगों को खोया है। ऐसे में गंभीर हो जाना चाहिए वहीं अस्पतालों को अपनी व्यवस्थाओं को समय रहते चाक चौबंद कर लेना चाहिए।

सरकार ही क्यों स्वयं सेवी संस्थाओं और दानदाताओं को भी आगे आकर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सचेत करने का समय आ गया है। केवल सरकार के भरोसे नहीं रहकर सभी सजग लोगों और संस्थाओं को आगे आना चाहिए। यह नहीं भूलना चाहिए कि इन साधनों के उपयोग पर होने वाले खर्च से कई गुणा नुकसान हम लोग व सरकार लॉकडाउन और अन्य कार्यों पर भुगतते रही हैं। सबकुछ बंद हो उससे बेहतर सुरक्षा साधनों के प्रति जागरूकता और सुविधाएं उपलब्ध कराने से अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं

अब पश्चिमी यूपी में तेज होगी जाट वोट बैंक पर कब्जे की जंग

अजय कुमार

उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव से पहले राष्ट्रीय लोकदल यानी आरएलडी की मान्यता खत्म होने से छोटे चौधरी जयंत सिंह की सियासत पर ग्रहण लग गया है। इसके साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री और दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहने सहित कई सरकारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले किसान नेता चौधरी चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी की राजनैतिक पारी पर यदि विराम लग जाए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। जयंत चौधरी के पास आगे की सियासत चलाने के लिए अब बहुत कम विकल्प बचे हैं। अब या तो वह अपनी पार्टी को किसी और समान विचारधारा वाले दल में समाहित कर लें या फिर पार्टी को पुनः खड़ा के लिए संघर्ष करें, जो आसान नहीं है। रालोद की क्षेत्रीय दल की मान्यता छिनने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में बड़ा उलटफेर हो सकता है। रालोद के वोटरों को अपने लिए नये विकल्प तलाशने होंगे। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के साथ बहुजन समाज पार्टी को भी फायदा हो सकता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सियासत में करीब पांच दशकों के बाद ऐसा मौका आया है, जब चौधरी चरण सिंह के खानदान की राजनैतिक विरासत पूरी तरह से खत्म होती नजर आ रही है। भारत निर्वाचन आयोग ने जिस राष्ट्रीय लोकदल से राज्य स्तर की पार्टी का दर्जा छीना है उसकी नींव पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के बेटे पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह ने रखी थी। इस समय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत सिंह के पुत्र जयंत चौधरी हैं। बताते चलें कि राष्ट्रीय लोकदल नाम की पार्टी बनाने का सपना सबसे पहले अजीत सिंह के पिता पूर्व कांग्रेस नेता चौधरी चरण सिंह ने 1974 के चुनाव में देखा था। उन्होंने ही लोकदल के नाम से पार्टी की मान्यता के लिए आवेदन किया। लेकिन मान्यता नहीं मिली। इसके कारण चौधरी चरण सिंह के उम्मीदवारों ने बीकेडी के बैनर से ही चुनाव लड़ा, लेकिन चुनावी सभाओं में लोकदल का नया बैनर भी लहराया जाता था। देश के कई दिग्गज कपूर्री ठाकुर, बीजू पटनायक आदि इस दल में साथ रहे। इस चुनाव में इगलास व गंगीरी सीट बीकेडी ने जीती। इमरजेंसी के बाद सातों सीटों पर कब्जे का इतिहास भी 1977 में चरण सिंह के नेतृत्व में रचा गया। 1985 के चुनाव में लोकदल का उदय हुआ। पार्टी के बैनर पर इगलास व खैर सीट पर जीत दर्ज हुई। इसी चुनाव में मुलायम सिंह पार्टी में शामिल हुए। जातिवाद को बढ़ावा देने के आरोप से बचने के लिए मुलायम सिंह को विरोधी दल के नेता का जिम्मा और राजेंद्र सिंह को प्रदेशाध्यक्ष का जिम्मा दिया गया। 1989 के चुनाव में पिता के देहांत के बाद अजित सिंह के हाथ पार्टी की कमान आई। यह चुनाव जनता दल के बैनर तले लड़ा गया, लेकिन पार्टी अलीगढ़ में हार गई। सिर्फ एक खैर सीट जीत सकी। खुद राजेंद्र सिंह इगलास से चुनाव हार गए। तत्पशचात 1991 में राजेंद्र सिंह के एमएलसी बनने के बाद दोनों परिवारों में अलगाव के चलते लोकदल की विरासत को लेकर टकराव हुआ तो अजित सिंह ने जनता दल के बैनर तले प्रदेश में चुनाव लड़ा। अलीगढ़ जिले की खैर सीट पर जगवीर सिंह को जिताया। 1996 के चुनाव में मतभेद इस कदर दिखाई दिए कि अलीगढ़ की एक भी सीट अजित सिंह नहीं जीत सके। इस चुनाव के बाद राजेंद्र सिंह सियासत से पूरी तरह दूर हो गए। दोनों परिवारों में मतभेद के बीच कोर्ट के जरिये राजेंद्र सिंह के पुत्र सुनील सिंह को लोकदल का वारिसाना हक मिल गया। इसी के चलते अजित सिंह को 1996 में राष्ट्रीय लोकदल के नाम से नई पार्टी का गठन करना पड़ा, लेकिन चौधरी अजीत सिंह देश-प्रदेश की सियासत में कोई खास धमाका नहीं कर पाए। उनका सारा ध्यान जाट वोटरों पर लगा रहता था। अकेले दम पर चुनाव लड़ने से भी चौधरी अजीत सिंह बचते रहते थे। कुल मिलाकर चौधरी चरण सिंह की मौत के बाद उनके पुत्र अजीत सिंह और बाद में चरण सिंह के पौत्र जयंत सिंह अपने बाप-दादा की सियासत को बचा नहीं पाए। बात चौधरी चरण सिंह के सियासी रूतबे की कि जाए तो एक जाट परिवार में जन्मे, चरण सिंह ने स्वतंत्रता आंदोलन के हिस्से के रूप में राजनीति में प्रवेश किया। आजादी के बाद 1950 के दशक में भारतीय किसानों की भलाई के लिए नेहरू की समाजवादी और सामूहिक भूमि उपयोग नीतियों के खिलाफ लड़ाई का विरोध करने और जीतने के लिए वे विशेष रूप से उल्लेखनीय हो गए। वह सभी ग्रामीण और कृषक समुदायों के बीच बहुत लोकप्रिय थे, उनका राजनीतिक आधार पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा था। 1929 में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हो गए। भारतीय स्वतंत्रता के संघर्ष में उन्हें कई बार जेल जाना पड़ा। उन्होंने 1937 से संयुक्त प्रांत (अब उत्तर प्रदेश) राज्य विधानसभा में सेवा की। फरवरी 1937 में वे 34 वर्ष की आयु में उत्तर प्रदेश (संयुक्त प्रांत) की विधान सभा के लिए चुने गए। 1938 में उन्होंने विधानसभा में एक कृषि उपज बाजार विधेयक पेश किया, जो 31 मार्च के दिल्ली के हिंदुस्तान टाइम्स के अंक में प्रकाशित हुआ था।

1938 के विधेयक का उद्देश्य व्यापारियों की लोलुपता के खिलाफ किसानों के हितों की रक्षा करना था। इस विधेयक को भारत, पंजाब के अधिकांश राज्यों द्वारा अपनाया गया था। 1940 में ऐसा करने वाला वह पहला राज्य था। इस प्रकार उनका राजनीतिक जीवन काश्तकारों के अधिकारों का समर्थन करते हुए कांग्रेस रैंकों के माध्यम से शुरू हुआ। प्रारंभिक कांग्रेस नीति के खिलाफ काम करते हुए और जबरदस्त जमींदार के प्रभाव से लड़ते हुए, उन्होंने भूमि के किसानों के स्वामित्व के लिए समर्थन जुटाया

1938 के विधेयक का उद्देश्य व्यापारियों की लोलुपता के खिलाफ किसानों के हितों की रक्षा करना था। इस विधेयक को भारत, पंजाब के अधिकांश राज्यों द्वारा अपनाया गया था। 1940 में ऐसा करने वाला वह पहला राज्य था। इस प्रकार उनका राजनीतिक जीवन काश्तकारों के अधिकारों का समर्थन करते हुए कांग्रेस रैंकों के माध्यम से शुरू हुआ। प्रारंभिक कांग्रेस नीति के खिलाफ काम करते हुए और जबरदस्त जमींदार के प्रभाव से लड़ते हुए, उन्होंने भूमि के किसानों के स्वामित्व के लिए समर्थन जुटाया। सुधारों को लागू किया और किसानों पर कर वृद्धि को रोका। उन्होंने किसानों को एक आक्रामक राजनीतिक ताकत बनाने का काम किया। 1967 में चरण सिंह ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी छोड़ दी और अपना एक नया राजनीतिक दल बनाया जिसे भारतीय क्रांति दल कहा गया। महत्वपूर्ण रूप से, चरण सिंह ने 1967 में राज नारायण और राम मनोहर लोहिया के प्रत्यक्ष समर्थन से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में पदभार संभाला। 1970 में कांग्रेस पार्टी के दो भागों में विभाजित होने के बाद उन्होंने बाद में 1970 में कांग्रेस पार्टी के समर्थन से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का पद संभाला। लेकिन 1975 में, भारत की तत्कालीन प्रधान मंत्री, इंदिरा गांधी ने आपातकाल की स्थिति घोषित की और अपने सभी राजनीतिक विरोधियों चरण सिंह सहित अन्य विपक्षी नेताओं को जेल की सजा सुनाई। 1977 के आम चुनावों में, भारतीय जनता ने उन्हें वोट देकर बाहर कर दिया और विपक्षी पार्टी, जिसके चौधरी चरण सिंह एक वरिष्ठ नेता थे, सत्ता में आई। लोकसभा चुनाव की पूर्व संध्या पर जेल से रिहा होने के बाद चरण सिंह ने मोरारजी देसाई की जनता पार्टी के साथ गठित राजनीतिक दल का विलय कर दिया। चरण सिंह ने लोकसभा चुनाव में मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली जनता सरकार में गृह मंत्री, उप प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया। 28 जुलाई 1979 को चौधरी चरण सिंह समाजवादी पार्टियों तथा कांग्रेस (यू) के सहयोग से प्रधानमंत्री बने। चौधरी का

मुस्लिमों के सवाल पर निर्मला सीतारमण ने पाकिस्तान पर स्ट्राइक कर दुनिया को बड़ा संदेश दे दिया है

नीरज

भाजपा और मोदी सरकार की छवि मुस्लिम विरोधी के रूप में दशार्ने के काफी प्रयास किये जाते हैं लेकिन यह पहली सरकार है जिसने अन्य दलों की तरह मुस्लिमों को सिर्फ वोट बैंक नहीं समझा बल्कि उनके समावेशी विकास के लिए तेजी से कदम उठाये। पहले की सरकारें जहां तुष्टिकरण की राजनीति करती थीं तो वहीं मोदी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का नारा देकर अपने कामकाज की शुरूआत की। सभी सरकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग को पूरी पारदर्शिता के साथ मिले इसके लिए पहली बार ईमानदार और पारदर्शी तरीके से कदम उठाये गये। नौ साल पहले देश में मुस्लिम समाज से डॉक्टरों, इंजीनियरों और अन्य बड़े पदों पर काम कर रहे लोगों की संख्या की तुलना आज के आंकड़ों से कर लीजिये आपको साफ पता लग जायेगा कि मुस्लिम समाज से डॉक्टर, इंजीनियर भी बढ़े हैं और सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर मुस्लिम युवा उद्यमी भी बने हैं। साथ ही मुस्लिम महिलाओं को पहली बार तीन तलाक के अभिशाप से भी आजादी मिली। भारत के मुस्लिम जानते हैं कि वह कितने सुखी हैं लेकिन जो लोग विदेशों में मोदी सरकार की मुस्लिम विरोधी छवि बनाने का अभियान चलाते रहते हैं उन्हें कुछ ना कुछ ऐसा चाहिए होता है जिससे वह अपने झूठे दावों को विश्वसनीय बनाकर नफरत के कारोबार को चला सकें। लेकिन ऐसे लोगों को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने करारा जवाब दिया है।

क्या कहा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने?

हम आपको बता दें कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी रहती है और अल्पसंख्यकों के मुद्दों को लेकर देश को दोष देने वाले लोगों को जमीनी हकीकत के बारे में कोई जानकारी नहीं है। पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स में अनौपचारिक बातचीत के दौरान सीतारमण ने कहा कि भारत में मुस्लिम जनसंख्या में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि जैसा ज्यादातर लेखों में दावा किया गया है कि मुसलमानों की जिंदगी को मुश्किल बना दिया गया है, अगर इसमें सच्चाई होती तो क्या 1947 के बाद से मुस्लिम आबादी में इजाफा होता..। उन्होंने कहा कि मगर उसी वक्त अस्तित्व में आए पाकिस्तान में स्थितियां इसके उलट हैं। सीतारमण ने कहा कि पाकिस्तान में मुहाजिर (शरणार्थियों), शियाओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा हुई है जबकि भारत में मुस्लिम समुदाय का हर वर्ग अपना काम कर रहा है। उन्होंने कहा, भारत दो भागों में विभाजित हुआ। पाकिस्तान ने खुद को इस्लामी देश घोषित किया, लेकिन कहा कि अल्पसंख्यकों की रक्षा की जाएगी। परन्तु पाकिस्तान में हर अल्पसंख्यक समूह की संख्या कम होती रही है। कुछ मुस्लिम फिरके के लोगों की भी संख्या कम हुई है ह्व केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि यह धारणा केवल एक भ्रम है कि पूरे भारत में मुसलमानों के खिलाफ हिंसा हो रही है। वित्त मंत्री ने कहा, ऐसा नहीं हो सकता है। हर प्रांत और उसकी पुलिस अलग है। उनका संचालन उन सूबों की चुनी हुई सरकारें करती हैं। लिहाजा यह अपने आप बताता है कि कैसे इन खबरों को लिखने वालों को भारत में कानून और व्यवस्था की प्रणाली की कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, इसके लिए भारत सरकार को जिम्मेदार ठहराएंगे तो मैं कहना चाहूंगी कि 2014 से आज के बीच, क्या आबादी घटी है, क्या किसी समुदाय विशेष पर कर्ज बहुत ज्यादा है ह्व सीतारमण ने कहा, जो लोग इस तरह की खबरें लिखते हैं, मैं उन्हें भारत आने के लिए आमंत्रित करती हूं। मैं उनकी मेजबानी करूँगी। वे भारत आएं और अपनी बात साबित करें।

आरएसएस को भी बनाया जा रहा है निशाना

सिर्फ भाजपा को ही मुस्लिम विरोधी बताया जाता हो ऐसा नहीं है। आरएसएस पर भी झूठे आरोपों के सहारे लगातार वार किया जाता है। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मुस्लिम बुद्धिजीवियों से लगातार मुलाकातें क्या शुरू कीं, संघ के विरोधियों के कान खड़े हो गये। संघ विरोधियों ने ऐसा नेटवर्क तैयार कर लिया है जोकि पहले किसी झूठी खबर को फैलाता है फिर उस नेटवर्क के सदस्य सोशल मीडिया पर उस झूठी खबर के आधार पर विमर्श गढ़ते हैं और उसके आधार पर संघ के खिलाफ बातें आम जन तक पहुँचायी जाती हैं। ऐसा ही एक वाकया हाल में तब सामने आया जब एक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। यह पत्र कथित तौर पर आरएसएस के लैटर हेड पर लिखा गया था जिसमें हिंदू लड़कों से मुस्लिम लड़कियों का धर्मांतरण कराने और उनके जीवन को एक तरह से बर्बाद करने का आह्वान किया गया था। यह पत्र जैसे ही सामने आया आरएसएस विरोधी नेटवर्क सक्रिय हो गया और सोशल मीडिया पोस्टों के माध्यम से भ्रम फैलाया जाने लगा लेकिन संघ ने इस पत्र को तत्काल खारिज कर दिया। वैसे देखा जाये तो आरएसएस के विरोध में यह कोई पहली साजिश नहीं थी। समय-समय पर इस तरह के दुष्प्रचार फैलाये जाते हैं और अक्सर संघ प्रमुख मोहन भागवत के संबोधनों में कही गयी बातों को तोड़ मरोड़कर प्रस्तुत किया जाता है। लेकिन मुस्लिम समाज भी इस तरह के दुष्प्रचार के षड्यंत्रों से वाकिफ है और वह जानता है कि जब भी जरूरत पड़ी है तब संघ ने हर संभव मदद दी है।

मुस्लिमों का बदल रहा है मन

देखा जाये तो देशभर में अब संघ और भाजपा के प्रति मुस्लिम समाज की धारणा में बड़ा बदलाव दिखाई दे रहा है। हाल ही में राष्ट्रीय हज समिति के अध्यक्ष एपी अब्दुल्लाकुट्टी ने आरोप लगाया था कि सारे देश में दुष्प्रचार किया जा रहा है कि भाजपा मुस्लिमों के खिलाफ है जो बिल्कुल गलत है। अब्दुल्लाकुट्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास को अल्पसंख्यक समुदाय का भरोसा जीतने वाला कदम बताया। हम आपको यह भी याद दिलाना चाहेंगे कि हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्मश्री पुरस्कार ग्रहण करने वाले कर्नाटक के बीदरी शिल्प कलाकार शाह रशीद अहमद कादरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहा था कि मेरा यह सोचना गलत था कि भाजपा सरकार उन्हें प्रतिष्ठित नागरिक पुरस्कार से सम्मानित नहीं करेगी।

राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार समारोह के समापन के बाद प्रधानमंत्री ने जब कादरी को बधाई दी और हाथ मिलाया, तो उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा, मैं संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के दौरान पद्म पुरस्कार की उम्मीद कर रहा था, लेकिन मुझे यह नहीं मिला। जब आपकी सरकार आई तो मैंने सोचा कि अब भाजपा सरकार मुझे कोई पुरस्कार नहीं देगी। लेकिन आपने मुझे गलत साबित किया। मैं आपका हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

इसके अलावा, मुस्लिमों में बेहद पिछड़ा वर्ग माने जाने वाले पसमांदा समाज को अपने साथ लेकर भाजपा पहले ही कई दलों के मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगा चुकी है। हाल ही में भाजपा ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर तारिक मंसूर को उत्तर प्रदेश विधान परिषद में मनोनीत कर जो कदम उठाया है उससे खासतौर पर मुस्लिम बुद्धिजीवी वर्ग भी भाजपा के साथ तेजी से जुड़ रहा है। निश्चित रूप से यह उन दलों को बेहद खटका है जोकि मुस्लिम वोटों की राजनीति करते रहे हैं। इसके अलावा, लोकसभा के आगामी चुनाव के मद्देनजर मुसलमानों के बीच व्यापक पैठ बना रही सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात में दिये गए संबोधनों के संकलन को उर्दू किताब की शक्ल देकर उसे उत्तर प्रदेश के मदरसों, उलमा और अन्य इस्लामी विद्वानों के बीच तोहफे के तौर पर बंटवा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की 12 कड़ियों का उर्दू में अनुवाद कराकर उसे एक किताब के तौर पर प्रकाशित कराया गया है।

सचिन पायलट के सब्र का बाँध टूट रहा है

नीरज कुमार दुबे

दरअसल कांग्रेस को जिस तरीके से चलाया जा रहा है उससे खिन्न होकर सिर्फ अनुभवी और वरिष्ठ नेता ही नहीं बल्कि युवा भी पार्टी छोड़ रहे हैं। जो वरिष्ठ नेता और युवा अभी कांग्रेस में बचे हुए हैं वह पार्टी में अपना स्थान सुरक्षित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कांग्रेस ने पिछले साल उदयपुर में चिंतन किया, उसके बाद भारत जोड़ो यात्रा निकाली और इस साल रायपुर में महा अधिवेशन किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने पार्टी में आमूल चूल सुधार को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कहीं, लेकिन नतीजा शून्य रहा। कांग्रेस नेताओं में उत्तर से लेकर दक्षिण तक और पूरब से लेकर पश्चिम तक पार्टी छोड़ने की जो होड़ लगी है वह दर्शा रही है कि आजादी की लड़ाई लड़ने वाली यह पार्टी आजादी के अमृत काल में पतन की ओर बढ़ रही है। दरअसल कांग्रेस को जिस तरीके से चलाया जा रहा है उससे खिन्न होकर सिर्फ अनुभवी और वरिष्ठ नेता ही नहीं बल्कि युवा भी पार्टी छोड़ रहे हैं। जो वरिष्ठ नेता और युवा अभी कांग्रेस में बचे हुए हैं वह पार्टी में अपना स्थान सुरक्षित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। राजस्थान में कांग्रेस ने सचिन पायलट का जो हाल किया है उसको देखकर ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद और हिमंत बिस्व सरमा आदि नेता शुक्र मना रहे होंगे कि सही समय पर कांग्रेस छोड़ दी वरना उन्हें भी ऐसे ही अनशन पर बैठना पड़ रहा होता। सचिन पायलट जो मुद्दे उठा रहे हैं वह सही हैं या गलत, इसकी विवेचना की बजाय यह देखना चाहिए कि कांग्रेस में कैसे युवाओं का हक मारा जाता है। पिछले विधानसभा चुनावों के समय सचिन पायलट राजस्थान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष थे जबकि अशोक गहलोत कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) के पद पर काम कर रहे थे। सचिन पायलट ने तत्कालीन वसुंधरा राजे सरकार के खिलाफ जनमत तैयार कर कांग्रेस को जीत दिलाई लेकिन उनका हक मारकर गहलोत को दिल्ली से जयपुर भेजकर मुख्यमंत्री बना दिया गया। सचिन पायलट ने लगातार अपमानित किये जाने के चलते आवाज उठाई तो उन्हें गद्दार और निकम्मा बता दिया गया। उन्हें बार-बार धैर्य रखने के लिए समझाया जाता रहा लेकिन सब्र का बांध एक दिन टूटता ही है। अब राजस्थान में यह जो बाँध टूटा है उससे इस वर्ष होने वाले राजस्थान विधानसभा चुनावों में कांग्रेस बह कर सत्ता से बाहर जा सकती है। वैसे बात सिर्फ राजस्थान तक ही सीमित नहीं है, जिस तरह छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कैबिनेट मंत्री टीएस सिंहदेव के बीच जंग छिड़ी हुई है वह भी चुनावी वर्ष में कांग्रेस के लिए बड़ा सिरदर्द साबित हो सकती है। यही नहीं, कर्नाटक में अपने को सत्ता के करीब देख रही कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद हासिल करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार के बीच की वो जंग भी ऐन चुनावों के समय जगजाहिर हो गयी है जिसे कांग्रेस अब तक दबाती आ रही थी। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे को समझना होगा कि नेतृत्व की यह शिथिलता कांग्रेस को पूरी तरह ले डूबेगी।

नीतीश कुमार चलें विपक्ष को जोड़ने...

नीरज

केंद्र में सत्ता बदलने को आतुर दिख रहे नीतीश कुमार के बारे में यह जानना भी रोचक है कि वह देश के एकमात्र ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिनके लगभग डेढ़ दशक के शासन के बावजूद उनका राज्य देश का सबसे पिछड़ा राज्य बना हुआ है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मोदी विरोधी महागठबंधन बनाने के लिए जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं। नीतीश कुमार दिल्ली आये तो लालू यादव से मिले, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से मिले और इन मुलाकातों के बाद पूरा विश्वास जताया कि विपक्ष का ये कारवां मजबूत बनता जायेगा और सब मिलकर चुनाव लड़ेंगे। नीतीश कुमार के हौसले देखकर ऐसा लग रहा है कि 2024 में बड़ा बदलाव आ जायेगा। लेकिन सवाल उठता है कि नीतीश कुमार की राजनीतिक विश्वसनीयता कितनी बची है? सवाल यह भी उठता है कि नीतीश कुमार का राजनीतिक जनाधार कितना बचा है? हम आपको बता दें कि नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल युनाइटेड बिहार विधानसभा में तीसरे नंबर की पार्टी है। नीतीश कुमार 2004 के लोकसभा चुनाव के बाद से कोई चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं दिखा पाये हैं और उसके बाद से विधान परिषद के सदस्य हैं। 2004 में नीतीश कुमार ने दो संसदीय सीटों से चुनाव लड़ा था जिसमें से एक में वह हार गये थे। इसके अलावा नीतीश कुमार ने अपना आखिरी विधानसभा चुनाव 1985 में जीता था। साथ ही यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दी गयी जुबान का ही परिणाम था कि नीतीश कुमार साल 2020 में मुख्यमंत्री बन पाये थे जबकि उनकी पार्टी जदयू की सीटें तत्कालीन सहयोगी भाजपा के मुकाबले बेहद कम थीं। दल बदल की राजनीति का रिकॉर्ड भले अन्य नेताओं के नाम पर हो लेकिन गठबंधन बदल का रिकॉर्ड नीतीश कुमार के नाम पर है। नीतीश कुमार के नाम भले बिहार में सर्वाधिक बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने का रिकॉर्ड हो लेकिन सिर्फ अपने दम पर वह कभी यह पद हासिल नहीं कर सके। केंद्र में सत्ता बदलने को आतुर दिख रहे नीतीश कुमार के बारे में यह जानना भी रोचक है कि वह देश के एकमात्र ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिनके लगभग डेढ़ दशक के शासन के बावजूद उनका राज्य देश का सबसे पिछड़ा राज्य बना हुआ है। अपने राज्य को आगे बढ़ाने की बजाय नीतीश कुमार केंद्र से हमेशा इस बात के लिए गुहार लगाते रहते हैं कि उनके राज्य को विशेष दर्जा दिया जाये।

सपाइयों के सैलाब के स्वागत से नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अभिभूत

सबको साथ लेकर हमेशा चले हैं-चलते रहेंगे: शिवशंकर यादव

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का सपाइयों के सैलाब ने किया स्वागत

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव के जिलाध्यक्ष बनने पर पहली बार जिला आगमन पर सपाइयों के सैलाब ने हजारों की तादाद में उनका स्वागत किया। जिले की सीमा राजापुर पहुंचते ही फूल-मालाओं एवं नारों से स्वागत किया। राजापुर से लेकर जिला मुख्यालय कर्वी तक पूरे मार्ग में जगह-जगह पार्टी के समर्थकों एवं नेताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया।

गुरुवार को जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ जिला कार्यालय पहुंचें। सपा संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। जिला कार्यालय में कार्यकताओं एवं पत्रकारों से उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष/पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के प्रति आभार जताया। कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे निष्ठा, ईमानदारी से निभाऊंगा। कार्यकताओं एवं नेताओं के लिए हर समय सुलभ रहूंगा। पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, उसे पूरा करुंगा। बूथ स्तर पर सपा को मजबूती देते हुए जन-जन तक सपा की रीति-नीति एवं प्रदेश के विकास पुरुष अखिलेश यादव की नीतियों को पहुंचाने का काम करेंगे।

श्री यादव ने कहा कि होने वाले निकाय चुनाव में सपा भाजपा का सफाया करने जा रही है। महंगाई, बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार से किसान, नौजवान, व्यापारी एवं महिलाएं सभी दुखी हैं। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष की लोकप्रियता में लगातार इजाफा हो रहा है। निकाय चुनाव में सपा को खासा लाभ मिलेगा। सपा पुराने एवं लोकप्रिय नेताओं को अपना प्रत्याशी बनाकर चुनाव में जिताने का काम करेगी। तानाशाही योगी और मोदी सरकार को एक संदेश देगी। इस मौके पर पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल, सदर विधायक अनिल प्रधान, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, रामकिशोर वर्मा, नरेंद्र यादव, लाल यादव, सुभाष सिंह पटेल, मान सिंह पटेल, जागेश्वर यादव, रामचंद्र वर्मा, सीताराम कश्यप, पप्पू जायसवाल, रामसनेही खंगार, अरशद खान, मंगल यादव, मनोज यादव, गोपीचंद यादव, ज्ञानेंद्र फौजी, राधेश्याम निषाद, लवलेश यादव, श्याम बिहारी यादव, लल्लू मोदनवाल, फूलचंद यादव, मदन त्रिपाठी, कमल यादव, जितेन सिंह, राम भाई वर्मा, वेद प्रकाश यादव, राजकिशोर विश्वकर्मा, चंदन कोटार्य, माता प्रसाद कुशवाहा, शिवपूजन यादव, मुन्ना लाल सोनकर, प्रेमचंद वर्मा, उमाकांत यादव, निजाम सिद्दीकी, शीलू यादव, रामविलास पटेल, राजा गोबरिया आदि हजारों सपाई मौजूद रहे।

राजनीति का जमीनी स्तर से है अनुभव

चित्रकूट। समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने सन 2000 से राजनीति शुरू की। 2010 तक वे दस साल तक बनकट गांव के प्रधान रहे। 2010 में जिला पंचायत सदस्य चुने गये। उनकी धर्मपत्नी मैना देवी भी जिला पंचायत सदस्य चुनी गईं। तकरीबन दस साल तक वे जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर विराजमान रहे। 2021 में फिर जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव जीता। 2015 से 2020 तक बनकट गांव की प्रधानी उनके पास रही। सभी तबकों का उन्हें समर्थन प्राप्त है। उन्होंने दावा किया कि सपा पहले कई गुटों में बंटी थी, उनके जिलाध्यक्ष बनने के बाद सपा में अब कोई गुटबाजी नहीं होगी। वे सभी लोगों को साथ लेकर हमेशा चले हैं और आगे भी साथ लेकर चलते रहेंगे।

जल-हवा के बिना जीवन की नहीं की जा सकती कल्पना: आलोक पाण्डेय

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भाजपा ने सामाजिक न्याय सप्ताह अभियान के तहत जलाशय स्वच्छता एवं पौधरोपण अभियान का आयोजन सभी मण्डलों में किया। जलाशय स्वच्छता व पौधरोपण कार्यक्रम में पार्टी कार्यकताओं ने बढ-चढकर हिस्सा लिया।

गुरुवार को खरसेड़ा में जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने पौधरोपण किया। गौहानीकला में मण्डल अध्यक्ष सुशील द्विवेदी, रामनगर मंडल में अध्यक्ष प्रदीप सिंह, मऊ में मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्र, ऐंचवारा में मंडल अध्यक्ष आशीष पाण्डेय, भरतकूप में सच्चिदानंद गर्ग, शिवरामपुर मण्डल में श्रवण पटेल, पहाडी मे विनोद पाण्डेय, सरधुवा मे योगेन्द्र सिंह की अगुवाई में जलाशय स्वच्छता कार्यक्रम एवं पौधरोपण हुए।

जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि जल और हवा के बिना जीवन की कल्पना नही की जा सकती है। जल संरक्षण व पौधरोपण स्वजीवन का संकल्प बने। स्वच्छता की श्रम साधना प्रत्येक नागरिक के दैनिक जीवन का हिस्सा बने। मोदी जी के नेतृत्व में स्वच्छता कार्यक्रम एक मिशन बन गया है। जलाशय स्वच्छता कार्यक्रम में निर्मलेन्द्र पाण्डेय, अखिलेश रैकवार, राघव अग्रवाल, भागवत त्रिपाठी, अनूप त्रिपाठी, राकेश, अर्चना, अनिल, गौरव, राखी, विनीता, सर्वेश, रमाकांत पाण्डेय, संतोष, भगवानदीन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बिटिया पढ़ना चाहती है लेकिन आशियाना बन रहा रोड़ा

बलिया - हनुमानगंज ब्लॉक की सरकारी सिस्टम की उदासीनता और अनेदखी प्रधानमंत्री आवास योजना को कैसे धत्ता लगा रहे है। आप इस गरीब परिवार को उनका हक जरूर दे। दरअसल ब्रम्हाईन गांव का है जहां एक परिवार सरकार की सबसे बड़ी योजना के आगे दम तोड़ रहा है। पहले इस तस्वीर को देखिए न तो इनके पास रहने को छत है न सोने को बिस्तर है। एक मजदूर सिस्टम के आगे इतना मजबूर है कि अपने परिवार को रहने के लिए छत नही दे सका। बिटिया पढ़ना चाहती है लेकिन आशियाना रोड़ा बन रहा है। पीड़ित परिवार की माने तो कई बार गांव के प्रधान से लेकर डीएम तक से गुहार लगाई लेकिन ये कह कर भगा दिया जाता कि आप कान आवास सूची में नही है। आरोप है कि सूची में नाम डालने के लिए प्रधान द्वारा रिश्वत मांगी जा रही है।

कानपुर में चारों ओर रहमत से ऋतिक बने युवक की चर्चा

कानपुर। उत्तर प्रदेश के इस सबसे संवेदनशील महानगर में दुनिया में सर्वाधिक उदारवादी हिंदू धर्म अब मुस्लिम युवाओं को भी बहुत रास आने लगा है और वह उसे अपनाने की राह पर भी अग्रसर हो चले हैं।

ऐसे ही एक मुस्लिम युवक रहमत ने भी यहां हिंदू धर्म अपना लिया है ,जिसके बाद वह रहमत स्थान पर अब ऋतिक के नाम से जाना जा रहा है` मुस्लिम योग द्वारा हिंदू धर्म अपनाने की है चर्चा शहर में चारों ओर हो रही है। बहुत से लोग रहमत से रितिक बने युवक को उसके घर देखने भी पहुंच रहे हैं। इस बीच भरोसेमंद सूत्रों ने जो जानकारी दी है उसके मुताबिक कुछ और मुस्लिम युवकों द्वारा भी इसी तरह से हिंदू धर्म अपनाने की भी प्रबल संभावना है।

न्यूज झरोखा

डीएम ने घोषित किये नामांकन स्थल

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी नगरीय निकाय अभिषेक आनन्द ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में जिले में नगरीय निकाय चुनाव को नामांकन 17 अप्रैल से शुरू होंगे। मतदान 11 मई व मतगणना 13 मई को होगी।

गुरुवार को उन्होंने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव की नामांकन प्रक्रिया को नगर पालिका परिषद कर्वी के अध्यक्ष पद को न्यायालय कक्ष नायब तहसीलदार कवी, सदस्य पद को तहसील कर्वी के सभागार, नगर पंचायत मानिकपुर अध्यक्ष पद के नामांकन न्यायालय कक्ष उप जिलाधिकारी मानिकपुर, सदस्य पद के लिए न्यायालय कक्ष तहसीलदार, नगर पंचायत राजापुर अध्यक्ष पद को न्यायालय कक्ष उप जिलाधिकारी राजापुर, सदस्य पद को न्यायालय कक्ष तहसीलदार, नगर पंचायत मऊ में अध्यक्ष पद को न्यायालय कक्ष उप जिलाधिकारी मऊ, सदस्य पद को न्यायालय कक्ष तहसीलदार मऊ में होंगे।

डीएम-एसपी ने निकाय चुनाव को कसी कमर, बूथों व तहसील में देखी व्यवस्था

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने संयुक्त रुप से नगर निकाय चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के मद्देनजर प्राथमिक विद्यालय इस्लामिया तरौहा, श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कॉलेज कर्वी, कम्पोजिट विद्यालय बनकट, ज्ञान भारती इंटर कॉलेज कर्वी, चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी, चित्रकूट बाल विद्यालय कर्वी का भ्रमण कर बनाये बूथों में बुनियादी सुविधायें देखी। बिजली, शुद्ध पेयजल, शौचालय, रैम्प, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने अवर अभियंता नगर पालिका परिषद संतोष सिंह राठौर को निर्देश दिए कि प्राथमिक विद्यालय इस्लामिया तरौहा एवं चित्रकूट बाल विद्यालय में रैंप नहीं हैं। यहां पर तत्काल रैंप बनवायें।

चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में स्ट्रांग रुम की जांच कर मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम को सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चारों तरफ से सीसीटीवी कैमरा से कवर, खिड़की को बंद कराया जाए। विद्युत व्यवस्था की भी तार हटाई जाये। बैरिकेडिंग की व्यवस्था करायें। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने तहसील कर्वी के सभागार में जो नगर पालिका परिषद कर्वी के निकाय चुनाव को लेकर सभासद के नामांकन स्थल था, अध्यक्ष पद को न्यायालय नायब तहसीलदार कर्वी के कक्ष का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने एसडीएम कर्वी को निर्देश दिए कि आरओ, एआरओ तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था करायें। अध्यक्ष एवं सभासद के नामांकन को अलग-अलग बैरिकेडिंग करायें। सीसीटीवी कैमरा आदि की व्यवस्था चैकस करायें। निरीक्षण दौरान एसडीएम कर्वी राजबहादुर, सीओ सिटी हर्ष पांडेय, तहसीलदार राकेश कुमार पाठक, अवर अभियंता संतोष सिंह राठौर, सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, विद्यालयों के प्रधानाचार्य समेत अन्य अधिकारी- कर्मचारी मौजूद रहे।

हादसों से बचाने को छात्रों को यातायात प्रभारी ने किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर यातायात सुरक्षा अभियान के तहत यातायात को मजबूत करने के प्रति लोगो को यातायात प्रभारी मनोज कुमार चैधरी व उनकी टीम ने जागरूक किया। जागरूकता अभियान के तहत सीपी सिंह इंटर कॉलेज में जाकर यातायात पुलिस ने कॉलेज के बच्चों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। सभी को नियमो का पालन करने की सलाह देते हुए यातायात प्रभारी ने कहा कि मोटरबाइक चलते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करे। गुरुवार को यातायात प्रभारी मनोज कुमार चैधरी ने कहा कि तीन सवारी बैठाकर यात्रा न करें। सीमित गति में ही मोटरबाइक चलाये। दुर्घटना होने से भी बचा जा सकता है। कॉलेज के बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कहा कि देश में सड़क हादसे से लाखों लोगों की जान जाती है। इसलिए सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें, हादसे से बच सकें।

14 लोगों के खिलाफ गुण्डा एक्ट की कार्यवाही से मची खलबली

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। आगामी नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधों में अंकुश लगाने की गरज से पुलिस ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले 14 लोगों के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधी तत्वों में खलबली मची है।

गुरुवार को मानिकपुर थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह ने हुड्डी आरख, सुधीर पुत्रगण कालका निवासी आर्यनगर, संदीप, कुलदीप पुत्रगण राजाबाबू, राजाबाबू पुत्र रामगोपाल निवासी बराहमाफी, सुनील, दुर्गेश पुत्रगण हीरामणि निवासी उमरी, बच्चा पुत्र बबुलिया, छोटू, संजय पुत्रगण भट्टी उर्फ देशराज, छोटू उर्फ अनिल पुत्र बच्चा निवासी शिवनगर के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।

थानाध्यक्ष पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर ने शिवमिलन पुत्र कुंजल, शिवगोपाल पुत्र राममिलन, शिवबोधी पुत्र राममिलन निवासी अशोह के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है। इससे अपराधी तत्वों में खलबली मची है।

क्रीडा अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को स्टेडियम आने को किया प्रेरित

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि उप्र सरकार खेल और खिलाड़ियों के लिए पूरी तरह समर्पित है। खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास को संकल्पित खेल निदेशालय के तहत स्पोर्ट्स हॉस्टल, स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना करके कक्षा छह से खिलाड़ियों को अत्याधुनिक प्रशिक्षण देकर उन्हें प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं को तैयार किया जा रहा है।

गुरुवार को उन्होंने बताया कि स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ, स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर, स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई जहां खिलाड़ियों को निःशुल्क भोजन, आवास, खेल उपकरण, शिक्षा आदि की बेहतर सुविधाएं दी जा रही हैं। स्पोर्ट्स कॉलेज, स्पोर्ट्स हॉस्टल में रहकर खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करके प्रदेश का नाम रोशन किया है। चित्रकूटधाम मंडल के वर्ष 2023-24 में 19 खिलाड़ियों का चयन केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर को किया गया है। पहली बार एक टेबल टेनिस के खिलाड़ी का भी चयन हुआ है। छात्रों, नवयुवकों, छात्राओं को खेलों से जुड़ने को खेल योजनाओं की जानकारी देने को वह चित्रकूट इंटर कॉलेज व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में जाकर खिलाड़ियों को खेल सुविधाओं व खेल से मिलने वाली नौकरियों, पुरस्कारों, स्पोर्टस हॉस्टल, स्पोर्टस कॉलेज में प्रवेश की जानकारी देकर उन्हें स्पोर्ट्स स्टेडियम में अभ्यास करने को आमंत्रित किया है।

प्रधानाचार्य चित्रकूट इंटर कॉलेज डॉ रणवीर सिंह चैहान, प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ने भी छात्राओं व छात्रों को स्टेडियम में बढ़ रही सुविधाओं की जानकारी दी। उन्हें स्टेडियम जाने को प्रोत्साहित किया। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी लगातार खेल सुविधाएं बढ़ाने में सहयोग कर रहे हैं।

डिप्टी एसपी बने जिले के पवन पटेल को सांसद ने किया सम्मानित, आईएएस बनकर देश भर में चित्रकूट का नाम रोशन करने का करें प्रयास: आरके सिंह पटेल

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिले के ग्राम लंका पुरवा (ददरीमाफी) निवासी पवन पटेल का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (पीसीएस) में डिप्टी एसपी के पद पर चयन होने से जिले में खुशी की लहर है। गुरुवार को बांदा चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने पीसीएस अधिकारी बने पवन पटेल को सम्मानित करते हुए कहा कि पवन पटेल समेत जिले के तीनो होनहारों ने पीसीएस की परीक्षा पास कर चित्रकूट को गौरवान्वित किया हैं। उन्होंने तीनो होनहारों से इस उपलब्धि को जीवन का अंतिम पड़ाव न बनाकर आईएएस और आईपीएस बनकर पूरे देश में चित्रकूट का रोशन करने का आह्वान किया।

गुरुवार को मुख्यालय के बलदाऊ गंज स्थित आवास पर आयोजित कार्यक्रम में बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने चित्रकूट जिले के तीन होनहार छात्रो के पीसीएस की परीक्षा में सफलता हासिल करने पर खुशी जताते हुए बधाई दी हैं। सांसद ने पीसीएस की परीक्षा पास कर डिप्टी एसपी पद पर चयनित हुए जिले के लंकापुरवा गांव निवासी पवन पटेल को सम्मानित करते हुए कहा कि यह चित्रकूट जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। सांसद ने पवन पटेल से कहा कि पीसीएस को हो अंतिम मंजिल बनाने की बजाय आईएएस और आईपीएस बनकर जिले और परिवार का का नाम देश-दुनिया में रोशन करने का आह्वान किया। इसके साथ ही सांसद ने संसदीय क्षेत्र के छात्रों से पीसीएस में चयनित चित्रकूट जिले के तीनो होनहारों से प्रेरणा लेकर आईएएस और आईपीएस की परीक्षा की तैयारी करने का आह्वान किया।

वहीं डीएसपी बने पवन पटेल ने कहा कि आप सभी शुभचिंतकों के आशीर्वाद से यह संभव हुआ है। मेरी उपलब्धि बहुत छोटी है। अभी आईएएस बनाकर देश की सेवा करनी है। इस मौके पर ददरी माफी के प्रधान अतुल सिंह पटेल, समाजसेवी लवलेश सिंह पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता शक्ति प्रताप सिंह, सुनील सिंह पटेल, हरिगोपाल मिश्रा, आशीष सिंह रघुवंशी आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

उडनदस्ते गठित, लुभाने पर होगी कार्यवाही: डीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी नगरीय निकाय अभिषेक आनन्द ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में नगरीय निकाय चुनाव 2023 की सुचिता एवं निष्पक्षता को बनाए रखने की बाबत मतदाताओं को प्रभावित कर मतदान प्रक्रिया प्रभावित करने की गरज से नकद धनराशि एवं शराब के वितरण अन्य कोई संदेहास्पद वस्तुएं जो मतदाताओं को घूस देने को प्रयोग में लाई जा रही हैं। गुरुवार को उन्होंने बताया कि इन शिकायतों को एकत्र करने और नकदी, धमकी, जब्ती को निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के प्रभारी पर्यवेक्षण एवं निगरानी को उड़न दस्तों का गठन किया है। नगर पालिका कवी में नियुक्त उड़नदस्ता के कार्यकारी मजिस्ट्रेट तहसीलदार कर्वी मोनं 9454415963, नगर पंचायत राजापुर में तहसीलदार राजापुर मोनं 9454415966, नगर पंचायत मानिकपुर में तहसीलदार मानिकपुर मोनं 9454415965 एवं नगर पंचायत मऊ में तहसीलदार मऊ मोनं 9454415964 है। उन्होंने नियुक्त अधिकारी उड़नदस्ते के कार्यकारी मजिस्ट्रेट को निर्देश दिये हैं कि प्रभारी अधिकारी वीडियोग्राफी डीसी मनरेगा से वीडियो ग्राफर समेत वीडियो कैमरा प्राप्त करेंगे। नकदी बरामदगी एवं चेकिंग के समय संपूर्ण कार्यवाही शुरू से अंत तक वीडियो रिकॉर्डिंग कराई जाएगी। इस रिकॉर्डिंग की सीडी तैयार कराकर उसकी प्रति जिला स्तरीय कमेटी वरिष्ठ कोषाधिकारी को भेजी जायेगी। नामित उड़नदस्ते प्रतीक आवंटन के दिन से ही वाहन और व्यक्तियों की जांच करेंगे। मतदाताओं को प्रभावित करने को उनके बीच रुपया, शराब या अन्य कोई संदेहास्पद वस्तुएं जो मतदाताओं को घूस देने को प्रयोग में लाई जा रही हो, उसका पता लगाएंगे। किसी वस्तु का वितरण करना रिश्वत देना आदि एवं संचरण किए जा रहे नकदी धन की जब्ती को कठोर कार्यवाही करेंगे। नामित उड़नदस्ते प्रतिदिन की कार्यवाही की सूचना उनकी अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के सदस्य मुख्य विकास अधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी को देंगे। संदर्भित मामले में जिला स्तरीय कमेटी परीक्षण करने के बाद आवश्यक कार्यवाही करेगी। नामित उड़नदस्ते किसी व्यक्ति के कब्जे में दो लाख रुपए से अधिक नकदी मिलेगी तो उसका कोई भी अभिलेख प्रस्तुत न करने पर जब्त कर ली जायेगी। संबंधित प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी। इस कार्यवाही की सूचना आयकर विभाग को भेजी जायेगी। किसी निर्वाचन क्षेत्र में किसी व्यक्ति को किसी आवश्यक उद्देश्य से निर्धारित मात्रा से अधिक नकदी ले जाने की जरूरत है तो उसे ले जाने को उसके पास ऐसे धन के स्रोत और उसके प्रयोग का कारण बताने को समुचित कागजात होने चाहिए। नामित उड़नदस्तों अनुसार कार्यवाही करने के दौरान राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों, कार्यकताओं एवं व्यापारियों तथा अन्य व्यक्तियों के साथ पूरी नम्रता एवं शिष्टाचार का पूर्ण ध्यान रखा जाएगा। उड़नदस्तों के अतिरिक्त अन्य कोई अधिकारी नकदी की बरामदगी की बाबत किसी भी प्रकार की कार्यवाही को अधिकृत नहीं होंगे। मतदान की समाप्ति के तुरंत बाद जांच कार्यवाही बंद कर दी जाएगी।

11 अन्तर्राज्जीय गौवंशों को दबोचकर 40 गौवंश किये बरामद

सीओ राजापुर ने की प्रेसवार्ता

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर शीतला प्रसाद पाण्डेय की देखरेख में वरिष्ठ रैपुरा थानाध्यक्ष शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में रैपुरा पुलिस ने अन्तर्राज्यीय गौ तस्कर गिरोह का पदार्फाश कर पांच तस्करों को 40 गौवंशों समेत दबोचा है। गुरुवार को सीओ राजापुर शीतला प्रसाद पाण्डेय ने पत्रकारों को बताया कि रैपुरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अगरहुण्डा गांव के पास से मानसिंह नायक, गुल्लू पुत्र कन्ना सिंह निवासी पोगरी थाना सुहागपुर जिला सहडोल मप्र व कृष्ण नायक पुत्र अमरादेश खेतोली थाना सुहागपुर सहडोल मप्र, शंकर, अनन्य, अजय नायक, अमरा नायक निवासी नेपानिया थाना सुहागपुर सहडोल मप्र, देवा नायक, हेमा निवासी पटसी थाना सुहागपुर शाहडोल मप्र, अजमेर अली, अरिछोटू पुत्र मुन्ना खांवासी बछरन थाना पहाड़ी को देखा। ये लोग गौवध करने को 40 गौवंशों को क्रूरतापूर्वक बांधकर ले जा रहे थे। सख्ती से पूंछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे पैदल जंगल के रास्ते गौवंशों को मप्र सीमा तक ले जाते हैं। वहां से किसी वाहन से जिला सहडोल मप्र ले जाते हैं। जहां गौकसी करते हैं। इसके पहले भी वे लोग इसी तरह से मप्र सीमा ले जाकर गौवंशों की गौकसी का कार्य करते थे। पुलिस टीम में दरोगा सिद्धनाथ राय, दरोगा राकेश सिंह यादव, दरोगा अमर बहादुर सिंह, सिपाही अजीत यादव, नंदलाल व राजमंगल बिन्द शामिल रहे।

फाटक खुलने से रामघाट में दिखने लगी तलहटी

चार माह में दस बार खोले गए फाटक

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। हठधर्मिता की सारी हदें पार करते हुए नयागांव नगर पंचायत ने रामघाट के फाटक एक बार फिर खोल दिए हैं। यकायक फाटक खुलने से रामघाट में मन्दाकिनी नदी डेड स्टोर में पहुंच गई। पिछले चार महीनों में दस बार फाटक खोले गए, जबकि बारिश के समय मई में केवल फाटक खोलने का प्रावधान है।

गुरुवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि बार-बार रामघाट के फाटक खुलने से लेजर लाइट एंड साउंड शो पर ग्रहण लग जाता है। जल स्तर कम होने से लेजर लाइट की मशीने जमीन में रख जाती हैं। पिछले चार महीने से बमुश्किल 10-15 दिन ही लेजर शो चल पाया है। बुधवार की शाम को फिर नदी के फाटक खोलकर रामघाट में नदी का जल स्तर डेड स्टोर पर पहुंचा दिया गया। रामघाट के नाविक भी अचानक फाटक खोलने से हलाकान नजर आते हैं। कई सीढी पानी नीचे सरक जाने से घाटों में गंदगी नजर आने लगी है। गुरूवार को रामघाट के नाविक मूलचंद्र निषाद, गोविंद, सुनील, अनिल, फिरंगीलाल आदि ने नदी के घाटों के आसपास सफाई की। अजीत सिंह नें नयागांव नगर पंचायत के अधिकारियों की मनमानी पर कड़ा एतराज जताया है। बताया कि सीएमओ की हठधर्मिता की शिकायत मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान से की जायेगी। रामघाट के संत समाज ने भी इस मामले में नाराजगी जताई है। सभी का कहना है कि केवल बारिश के समय फाटक खोलने का प्रावधान है। बावजूद इसके बहाने बनाकर रोज फाटक खोलना नितान्त गलत है।

संयुक्त राष्ट्र का भारत की आर्थिक वृद्धि दर छह प्रतिशत रहने का अनुमान

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्तीय वर्ष में छह प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। पिछले वर्ष यह 6.6 प्रतिशत रही थी। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (अंकटाड) ने जारी व्यापार एवं विकास रिपोर्ट में वैश्विक वृद्धि दर 2023 में घटकर 2.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जबकि सितंबर, 2022 में इसके 2.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। अंकटाड ने इसके पीछे उच्च ब्याज दर और पहली तिमाही में प्रोत्साहन पैकेज आवंटन को कारण बताया है। रिपोर्ट में आगाह किया गया है कि उच्च वित्तीय अस्थिरताओं के बीच वैश्विक आर्थिक नरमी के कारण विकासशील देशों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था के बड़े हिस्सों में वार्षिक वृद्धि दर कोविड महामारी से पहले के प्रदर्शन से नीचे जाने की आशंका है।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत ने 2022 में 6.6 प्रतिशत की दर से वृद्धि की। 2023 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर छह प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत के लिए सार्वजनिक व निजी क्षेत्र में भारी निवेश और व्यय के साथ-साथ बढ़ते निर्यात का सकारात्मक प्रभाव ऊर्जा आयात के ऊंचे भुगतान के कारण आंशिक रूप से कम हो गया। ऊर्जा आयात बिल अधिक होने से चालू खाते का घाटा भी बढ़ा है।

ब्रिटेन में नकली डिजाइनर वस्त्र घोटाले में भारतीय मूल का मास्टरमाइंड दोषी करार

लंदन। ब्रिटेन में नकली डिजाइनर वस्त्र घोटाले के मामले में मास्टरमाइंड भारतीय मूल के आरिफ पटेल को ब्रिटेन में टैक्स चोरी में दोषी करार दिया गया है। पटेल पर आपराधिक गिरोह के साथ कपड़ों और मोबाइल के फर्जी निर्यात पर वैट पुनर्भुगतान का दावा कर 9.7 करोड़ पौंड की टैक्सी चोरी का आरोप था। ब्रिटेन के कर विभाग ने पटेल को दोषी पाया, जिसे देश के इतिहास में जालसाजी कर चोरी के सबसे बड़े मामलों में से एक करार दिया गया है।

चेस्टर क्राउन कोर्ट ने 14 सप्ताह तक चली सुनवाई के बाद मंगलवार को पटेल को गलत बही खाता पेश कर सरकारी राजस्व में धोखाधड़ी की साजिश रचने, ब्रांड के नाम पर नकली कपड़ों की बिक्री करने और धन शोधन का दोषी करार दिया। शाही राजस्व व सीमा शुल्क में धोखाधड़ी अन्वेषण सेवा (एचएमआरसी) के निदेशक रिचर्ड लास ने कहा कि आरिफ पटेल कानून टैक्स चुकाने वाले आम जनता के पैसों पर शानदार जीवन व्यतीत करता था। उन्होंने कहा कि एक दशक से अधिक समय तक एचएमआरसी और हमारे साझेदारों ने इस गिरोह को सजा दिलाने के लिए एकजुट होकर कड़ी मेहनत की। इस गिरोह ने 7.8 करोड़ पौंड से अधिक ब्रिटेन की हड़पी राशि वसूलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस सप्ताह संपन्न हुई सुनवाई में मामले में सह आरोपित दुबई के 58 वर्षीय मोहम्मद जफर अली को भी साजिश रचने और धन शोधन का दोषी करार दिया गया है। इस मामले में आरिफ और अली को अगले महीने सजा सुनाई जाएगी।

वर्ल्ड बैंक से रूसी संपत्ति जब्त करने की अपील, जेलेंस्की बोले- रूस को आक्रामकता की चुकानी होगी कीमत

वाशिंगटन। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बुधवार को आईएमएफ और विश्व बैंक के प्रमुखों से यूक्रेन की मदद करने की अपील की। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में चल रही रूसी सेंट्रल बैंक की संपत्ति को जब्त करना चाहिए। साथ ही उसे यूक्रेन के पुनर्निर्माण में लगाना चाहिए। उन्होंने एक वीडियो लिंक के जरिए अपनी बात रखी। जेलेंस्की ने कहा कि जिस तरह से रूस ने यूक्रेन को नुकसान पहुंचाया है ऐसे में उसे अपनी आक्रामकता की पूरी कीमत चुकानी होगी। वहीं उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक द्वारा आयोजित वर्चुअल गोलमेज सम्मेलन में मारे गए एक सैनिक के लिए दो मिनट मौन रखा। बताया जा रहा है कि सैनिक का सिर काट दिया गया था, जिसका एक वीडियो वायरल हुआ है। इसका आरोप रूसी सैनिकों पर लगा है।

200 मिलियन डॉलर की मदद

बैठक के दौरान वर्ल्ड बैंक ने यूक्रेन के ऊर्जा इन्फ्रास्ट्रक्चर की मरम्मत करने के लिए 200 मिलियन डॉलर देने की घोषणा की। विश्व बैंक के प्रबंध निदेशक अन्ना बेजरडे ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध को एक साल हो गए। अब इसके विनाशकारी आर्थिक और मानवीय परिणाम सामने आ रहे हैं। बेजरडे ने कहा कि यूक्रेन में पिछले साल ऊर्जा बुनियादी ढांचे को 11 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। यह सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है, जहां यूक्रेन को तत्काल समर्थन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हम इस महत्वपूर्ण क्षेत्र का समर्थन करने और तेजी से कार्य करने के लिए यूक्रेन और विकास भागीदारों के साथ मजबूत साझेदारी के लिए तैयार हैं।

नेपाल में काठमांडू के मेयर और प्रचंड सरकार के बीच बढ़ा टकराव

सिंघ दरबार को दूसरी नगरपालिका में स्थानांतरित करने की चुनौती दी

काठमांडू। नेपाल में प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार और काठमांडू मेट्रोपॉलिटन सिटी के मेयर बालेन साह के बीच टकराव बढ़ गया है। मेयर साह ने सरकार के निर्देशों को चुनौती देते हुए सिंघ दरबार को दूसरी नगरपालिका में स्थानांतरित करने की चुनौती दी है। नेपाल के प्रशासनिक केंद्र सिंघ दरबार से कूड़ा उठाना बंद कर दिया गया है। मेयर साह ने सरकार के निर्देशों को चुनौती देते हुए सिंघ दरबार को दूसरी नगरपालिका में स्थानांतरित करने की चुनौती दी है। उन्होंने एक ट्वीट कर कहा कि चाहे सिंह दरबार को स्थानांतरित किया जाए या राजधानी को स्थानांतरित किया जाए, इससे काठमांडू के लोगों को

कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने लिखा कि काठमांडू के लोगों को विरासत, संस्कृति, कला और सभ्यता की जरूरत है, राजनीति की नहीं। मेयर बालेन साह का आरोप है कि सरकार काठमांडू के हित में काम नहीं कर रही है, इसलिए वे सरकार की आलोचना करते आ रहे हैं। बालेन साह निर्दलीय उम्मीदवार बनकर पिछले साल हुए नगर निकाय चुनाव में जीत हासिल करके सुर्खियों में आए। वे केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाले सीपीएन (यूएमएल) के उम्मीदवार और पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं नेपाली कांग्रेस के पूर्व महामंत्री प्रकाशमान सिंह की पत्नी श्रीजना सिंह को हराकर मेयर बने थे।

बांग्लादेशी नागरिक ने पश्चिम बंगाल में एजेंट से बनवाया फर्जी पासपोर्ट

ढाका। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डा पर बुधवार की आधी रात को सीआईएफ ने फर्जी पासपोर्ट के साथ एक बांग्लादेशी नागरिक को दबोचा। पूछताछ के बाद उसे स्थानीय पुलिस सरोजनी नगर थाना के सुपुर्द कर दिया। सुरक्षा एजेंसी इस मामले की जांच कर रही है।

एसीपी कृष्णानगर विनय द्विवेदी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पकड़ा गया मोमिनुल इस्लाम मूल रूप से बांग्लादेश का निवासी है। उसने आठ अप्रैल को लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से दुबई एयरलाइंस विमान से शारजाह (दुबई) गया था। जहां पहुंचने पर चेकिंग के दौरान उसका पासपोर्ट फर्जी पाया गया। उसे वापस दुबई एयरलाइन्स उड़ान से लखनऊ भेजा दिया गया। एयरपोर्ट पर पहुंचे मोमिनुल इस्लाम को रूटीन चेकिंग के

दौरान इमीग्रेशन अधिकारियों ने पकड़ लिया।

फर्जी पासपोर्ट बनवाने के मामले में जब उससे पूछा गया तो उसने बताया कि पश्चिम बंगाल में एक एजेंट के जरिए पासपोर्ट ऑफिस से असित दास नाम से फर्जी पासपोर्ट बनवाया था। इसके बाद सीआईएसएफ जवानों ने उसे हिरासत में लेकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जानकारी उच्चधिकारियों को दी है। इसके बाद अब फर्जी पासपोर्ट के मामले में एजेंसी ने आरोपित से पूछताछ करेगी।

उत्तर कोरिया ने फिर दागी बैलिस्टिक मिसाइल, जापान ने खाली कराया होक्काइडो द्वीप

प्योंगयांग। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ चल रहे तनाव के बीच उत्तर कोरिया ने एक बार फिर बैलिस्टिक मिसाइल दागी है। इसके बाद अलर्ट जारी करते हुए जापान ने होक्काइडो द्वीप खाली करा लिया है।

दक्षिण कोरियाई सेना ने दावा किया कि उत्तर कोरिया ने उकसावे के रूप में जापान सागर की ओर मिसाइल दागी। उत्तर कोरिया ने दावा किया है कि उसके ये हथियार रेडियोएक्टिव सुनामी लाने में सक्षम हैं। जापान ने भी उत्तर कोरिया द्वारा मिसाइल छोड़ने की पुष्टि की है। साथ ही जापान

की सरकार ने अलर्ट जारी करते हुए होक्काइडो द्वीप खाली करा लिया है। जापान सरकार ने द्वीप के निवासियों को तत्काल खाली करने और इमारतों या भूमिगत ठिकानों में शरण लेने के लिए कहा है। जापान सरकार ने चेतावनी जारी कर मिसाइल के स्थानीय समयानुसार सुबह करीब आठ बजे गिरने की उम्मीद जताई थी।हालांकि, होक्काइडो में स्थानीय अधिकारियों ने बाद में कहा कि मिसाइल के द्वीप से टकराने की कोई संभावना नहीं है।

उल्लेखनीय है कि उत्तर कोरिया इस साल की शुरुआत से लगातार हथियारों का परीक्षण कर रहा है। बीते दिनों उत्तर कोरिया ने परमाणु-सक्षम अंडरवाटर ड्रोन और दो अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया है।

कनाडा में सड़क हादसे में भारतीय मूल के पुलिस अधिकारी की मौत

टोरंटो। कनाडा के अल्बर्टा प्रांत में सड़क हादसे में भारतीय मूल के एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई। एडमॉनटन के पूर्वी क्षेत्र में एक शिकायत मिलने के बाद घटनास्थल के लिए रवाना हुए हरविंदर सिंह धामी (32) की सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया गया कि आपात सेवा और राहगीरों ने गंभीर रूप से घायल धामी का मौके पर इलाज किया, लेकिन जान नहीं बचाई जा सकी।

आरएसपी ने सांसद श्रेष्ठ को पार्टी से निकाला

काठमांडू। नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के सांसद ढाका कुमार श्रेष्ठ का दो करोड़ की मांग वाला एक ऑडियो वायरल होने के बाद पार्टी ने उन्हें पार्टी सदस्यता से बर्खास्त कर दिया है। आरएसपी उनकी लोकसभा की सदस्यता रद्द कराने के लिए भी कार्रवाई करेगी। बुधवार शाम को आरएसपी की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

आरएसपी की बैठक के बाद आरएसपी अध्यक्ष रवि लामिछाने ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी है । उन्होंने साफ कर दिया कि सांसद श्रेष्ठ को पार्टी से बर्खास्त कर दिया और उनकी पार्टी की सदस्यता भी रद्द कर दी है।

ही इससे पहले सांसद श्रेष्ठ ने पहली बार सार्वजनिक रूप से बोलते हुए दावा किया कि रवि लामिछाने को उपचुनाव हरवाने के लिए सुनियोजित तरीके से यह ऑडियो वायरल किया गया है। उन्होंने दावा किया कि ऑडियो एडिट किया गया है। हालांकि उन्होंने पत्रकारों के सवालों का जवाब नहीं दिया।

दरअसल, आरएसपी सांसद श्रेष्ठ के मंत्री बनने के लिए दो करोड़ की मांग वाली ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। वीडियो में वे मेडिकल व्यवसायी एवं हिंदू राष्ट्र अभियान चलाने के लिए सुर्खियों में आए दुर्गा परसाई से दो करोड़ रुपये कथित तौर पर मांग रहे हैं। ताकि यह पैसा पार्टी में देकर वे स्वास्थ्य मंत्री का पद हासिल कर सकें। पार्टी

फंड न देने की वजह से ही उन्हें नेपाल सरकार में स्वास्थ्य मंत्री नहीं बनाया गया। माना जा रहा है कि 23 अप्रैल को होने वाले संसदीय सीटों के उपचुनाव से पहले उनकी पार्टी आरएसपी पर इसका बड़ा असर पड़ रहा है। उपचुनाव में व्यस्त आरएसपी अध्यक्ष रवि लामिछाने काठमांडू पहुंचे हैं। वे चितवन 2 निर्वाचन क्षेत्र से संसद के उपचुनाव में उम्मीदवार हैं।

अमेरिका पर दिए बयान पर अड़े फ्रांस के राष्ट्रपति, कहा- साथी होने का मतलब 'जागीरदार' होना नहीं

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने हाल ही में ताइवान पर दिए अपने बयान का बचाव किया है। उन्होंने पिछले दिनों चीन दौरे के खत्म होने के बाद फ्रांस को अमेरिका और चीन के बीच होने वाले टकराव में फंसने से बचने की सलाह दी थी मैंक्रो के इस बयान को लेकर उनकी काफी आलोचना हुई है। लेकिन मैंक्रो अपनी बात पर कायम हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका का साथी होने का मतलब 'जागीरदार' होना नहीं है।

नीदरलैंड्स दौरे पर मैक्रों

बता दें, मैक्रों दो दिनों के नीदरलैंड्स दौरे पर गए हुए हैं। यहां उन्होंने कहा कि सहयोगी देश होने का मतलब जागीरदार होना नहीं है। इसका मतलब यह नहीं कि हम अपने बारे में सोचना बंद कर देगें। उन्होंने एक बार फिर कहा कि ताइवान की यथास्थिति पर फ्रांस के समर्थन में कोई बदलाव नहीं हुआ है। साथ ही उनका देश वन चाइना पॉलिसी का समर्थक है मगर चाहता है कि स्थिति का शांतिपूर्ण निवारण हो।

चीन की चाटुकारिता का आरोप

मैक्रों के इस बयान के बाद पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन पर चीन के साथ साठगांठ करने का आरोप लगाया था। ट्रंप ने कहा था कि मेरे मित्र मैक्रों आजकल चीन की चाटुकारिता में लगे हैं। लेकिन मैंक्रो का कहना है कि उन्हें इन टिप्पणियों का जवाब देने की जरूरत नहीं है।

व्हाइट हाउस ने नहीं दी तवज्जो

व्हाइट हाउस ने फ्रांस के राष्ट्रपति की तरफ से दिए गए बयान को ज्यादा तवज्जो नहीं दी है। व्हाइट हाउस का कहना है कि बाइडेन प्रशासन, फ्रांस के साथ शानदार द्विपक्षीय संबंधों में सहज है और इन संबंधों पर उसे भरोसा है। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने भी मैक्रों के बयान पर इसी तरह का रुख अपनाया है। हालांकि, ताइवान के एक सीनियर अधिकारी मैक्रों की टिप्पणी पर हैरान हैं। सोशल मीडिया पर ताइवानी संसद के स्पीकर के संसद अध्यक्ष यू सी-कुन ने फ्रांस के 'स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व' के आदर्श वाक्य का जिक्र किया। उन्होंने लिखा, 'क्या 'लिबर्टी, एगलिट, फ्रेटरनाइट' फैशन से बाहर हैं?'

सुप्रीम कोर्ट की आठ सदस्यीय पीठ को सरकार ने किया खारिज, कहा- अदालत का फैसला तानाशाही

वाशिंगटन। पाकिस्तान के सत्ता पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट के आठ जस्टिस की एक पीठ को खारिज कर दिया है। पीठ चीफ जस्टिस की शक्तियों को कम करने वाले लंबित कानून के खिलाफ याचिकाओं की सुनवाई के लिए बनाया गया था। सत्ता दल ने इसे अस्वीकार्य करार किया है।

गुरुवार को पाकिस्तानी भेजते हुए कहा कि यह कानून संसद की क्षमता से परे है।



सत्ता पक्ष ने कहा असंवैधानिक

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली आठ जस्टिस की एक बेंच गुरुवार को विधेयक को चुनौती देने वाली तीन याचिकाओं की सुनवाई करेंगी। इस पीठ को पीडीएम ने खारिज कर दिया और कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का यह कदम देश की सर्वोच्च अदालत की विश्वसनीयता को नष्ट करता है। फैसला संवैधानिक प्रक्रिया को अर्थहीन बनाने के समान है।

बेंच में यह जस्टिस शामिल

विधेयक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की आठ सदस्यीय पीठ की अध्यक्षता सीजेपी उमर अता बंदियाल कर रहे थे। सीजेपी के अलावा बें जस्टिस इजाजुल अहसन, जस्टिस मुनीब अख्तर, जस्टिस सैयद मजहर अली अकबर नकवी, जस्टिस मोहम्मद अली मजहर, जस्टिस आयशा ए मलिक, जस्टिस सैयद हसन अजहर रिजवी और जस्टिस शाहिद वहीद शामिल हैं।

अन्य जस्टिस ने लगाए थे आरोप

बेंच को सत्ता पक्ष के गठबंधन ने विवादास्पद कहा है। क्योंकि जस्टिस काजी फैज ईसा और जस्टिस अमीनुद्दीन खान जिन्होंने पहले फैसला सुनाते हुए कहा था कि सीजेपी के पास विशेष बेंच बनाने या अपने सदस्यों को तय करने की शक्ति नहीं है। सत्ता पक्ष ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के माननीय न्यायाधीशों ने खुद को वन-मैन-शो की तरह पेश किया। पक्षपाती और तानाशाही कहते हुए सत्ता पक्ष ने आरोप लगाते हुए बेंच को अस्वीकार्य बताया है।

डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पूर्व वकील के खिलाफ दायर किया मुकदमा, मांगा 50 करोड़ डॉलर का हर्जाना

बैंकॉक। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप किसी ना किसी वजह से चर्चा में बने रहते हैं। अब वह अपने पूर्व वकील के खिलाफ मुकदमा दायर कर चर्चा में आए हैं। खबर के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पूर्व वकील माइकल कोहेने के खिलाफ मुकदमा दायर कर 50 करोड़ डॉलर के हर्जाने की मांग की है। ट्रंप ने यह मुकदमा फ्लोरिडा के यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में दायर किया है। ट्रंप का आरोप है कि कोहेन ने अटॉर्नी और क्लाइंट के बीच के गुप्त समझौते का उल्लंघन किया है।

ट्रंप ने लगाए ये आरोप

ट्रंप ने मुकदमे में माइकल कोहेन पर आरोप लगाए हैं कि 'वह उनके खिलाफ भ्रामक बातें फैला रहे हैं, जिससे उनकी छवि को भारी नुकसान हुआ है। मुकदमे

में आरोप है कि माइकल कोहेन ने अपने गलत आचरण से सारी सीमा लांघ दी है और उन्होंने ट्रंप के पास उनके खिलाफ मुकदमा दायर करने के अलावा कोई चारा नहीं छोड़ा है।'

ट्रंप के खिलाफ मामले में है गवाह

बता दें कि हाल ही में डोनाल्ड ट्रंप पर एडल्ट स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को करोड़ों रुपए भुगतान करने के मामले में ट्रंप को आरोपी बनाया गया है। इस मामले में माइकल कोहेन ही ट्रंप के खिलाफ चश्मदीद गवाह है। कोहेन की गवाही के बाद ही ग्रैंड ज्यूरी ने डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी थी। जिसके बाद अमेरिकी इतिहास में डोनाल्ड ट्रंप पहले मौजूदा या पूर्व राष्ट्रपति बन गए थे, जिनके खिलाफ मुकदमा चलेगा।

कोहेन ने दावा किया था कि उसी ने ही ट्रंप की तरफ से स्टॉर्मी डेनियल्स को एक लाख 30 हजार डॉलर का भुगतान किया था। यह भुगतान ट्रंप और स्टॉर्मी के बीच की निजी बातचीत को गुप्त रखने के एवज में दिया गया था। उल्लेखनीय है कि माइकल कोहेन पहले ही टैक्स धोखाधड़ी समेत कई मामलों में दोषी है और फिलहाल तीन साल जेल की सजा काट रहा है।

रूसी सैनिक ने काटा यूक्रेन के जवान का गला! कथित वीडियो वायरल, जेलेंस्की बोले- ये जानवर...

कीव। रूस- यूक्रेन युद्ध को एक साल से ज्यादा हो गया है। इसमें हजारों लोगों की जान जा चुकी हैं। दोनों ही देशों के बड़ी संख्या में सैनिक मारे जा चुके हैं। इस बीच, यूक्रेनी सैनिक का सिर काटने का कथित वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा सिर कलम करने वाला सैनिक रूस का है। इससे यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की वोलोदिमीर बौखला गए हैं। उन्होंने पहले वीडियो की सत्यता की जांच कराए जाने की बात कही है, बाद में प्रतिक्रिया देने की। हालांकि उन्होंने रूस की सैना को जानवर बताते हुए कहा कि वह आसानी से यह कर सकते हैं। फिलहाल जानकारी नहीं मिली है कि यह घटना कब की है। वीडियो के वायरल होने के बाद यूक्रेन के अधिकारियों में नाराजगी है। जबकि रूसी सरकार ने फुटेज को 'भयावह' करार देते हुए कहा कि इसकी सत्यता की जांच करने की जरूरत है।

जल्दी करो, काट दो सिर

वीडियो में देखा जा सकता है कि एक नकाबपोश व्यक्ति बर्बरतापूर्ण तरीके से एक यूक्रेनी सैनिक का गला काट रहा है। जिस शख्स की गर्दन काटी जा रही, उसने हरे रंग की पोशाक और बाजू पर पीले रंग की पट्टी पहनी हुई है, जो आमतौर पर यूक्रेनी लड़ाकों द्वारा पहना जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह सैनिक बार-बार उसे जिंदा छोड़ने की भीख मांगता रहा। कथित तौर पर एक अन्य रूसी सैनिक ने अपने साथी से उसकी गर्दन को धड़ से अलग करने के लिए कहा। उसने कहा, इसे यूक्रेन की राजधानी कीव में भेजो। जल्दी करो, काट दो। इस वीडियो में हत्यारे ने एक सफेद रिबन पहना था जो अक्सर कब्जे वाले यूक्रेन में रूसी सेना की पहचान के लिए इस्तेमाल किया जाता है। हमलावर का चेहरा देख कर लगता है कि वह एशियाई मूल का है। दरअसल, पुतिन की सेना में उराल, साइबेरिया और रूसी सुदूर पूर्व में कई जातीय समूहों के साथ-साथ एथनिक रूसी शामिल हैं। युद्ध के दौरान अगर कोई सैनिक दुश्मन सेना की ओर से पकड़ा जाता है तो वह युद्धबंदी होता है। उसे मारना या प्रताड़ित करना अंतरराष्ट्रीय कानूनों के खिलाफ है। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने कसम खाई है कि हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि नवीनतम वीडियो में दिखी हिंसा को भूला नहीं जा सकता और ऐसे कृत्यों के लिए रूसी सेना जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि इस घटना पर प्रत्येक व्यक्ति, प्रत्येक नेता को प्रतिक्रिया देनी चाहिए। यह उम्मीद न करें कि इन घटनाओं को भुला दिया जाएगा।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।